



# तरुण छत्तीसगढ़


आवश्यकता है
ज्वेलरी दुकान में काम करने के लिए अनुभवी सेल्समेन व सेल्स गर्ल की आवश्यकता है।
-: संपर्क करें :-
सुनालिया ज्वेलर्स
पावर हाउस रोड कोरबा



e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2021-2023

वर्ष 34 अंक 335 | कोरबा, मंगलवार, दिनांक 05 सितम्बर 2023 डाक 06 सितम्बर 2023 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
महात्मा गांधी की प्रतिमा के अनावरण और गांधी वाटिका के उद्घाटन के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु



**देश-विदेश**
जी-20 घोषणा पत्र के मसौदे पर भी चीन लगा रहा अड़ंगा आम सहमति बनाने में कठिनाइयों का सामना कर रहे शेरपा



**फीचर पेज**
हलषष्ठी व्रत से संतान के दीर्घ और सुखमय जीवन की मंगल कामना




# देश के पहाड़ी इलाकों में मची तबाही, सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला, केंद्र सरकार ने कही ये बात

**नईदिल्ली, 05 सितम्बर [एजेंसी]।**

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से सभी 13 हिमालयी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के हिल स्टेशनों की वहन क्षमता का तुरंत आकलन करने के लिए निर्देश जारी करने का आग्रह किया है। एक नये पैनल बनाने का प्रस्ताव रखा है जो राज्यों द्वारा प्रस्तावित कार्य योजनाओं का मूल्यांकन करेगा। वहन क्षमता हिल स्टेशनों की अधिकतम जनसंख्या आकार है जो पर्यावरण, वन और जलवायु को बिना नुकसान पहुंचाए जारी रख सकता है। केंद्र का यह हलफनामा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भारी मॉनसूनी बारिश के कहर के चार सप्ताह बाद आया है।




मॉनसूनी बारिश के बाद हुए भूस्खलन से दोनों पर्वतीय राज्यों में कई इमारत ढह गई और 103 लोग काल के ग्रास में समां गए थे। सुप्रीम कोर्ट में दायर एक हलफनामे में केंद्र ने कहा कि पर्वतीय राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लिए यह जरूरी है कि वे पारिस्थितिकी तंत्र के और अधिक क्षरण को रोकने के लिए उठाए गए कदमों को बताएं और अपनी कार्य योजनाओं का प्रस्ताव दें, जिसे जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान के निदेशक के संचालन वाली तकनीकी समिति द्वारा देखा जा सके। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने हलफनामे में कहा, यह जरूरी होगा कि स्थानीय अधिकारियों की मदद से प्रत्येक हिल स्टेशन के तथ्यात्मक पहलुओं को विशेष रूप से पहचाना और एकत्र किया जाए। गौर हो कि केंद्र का हलफनामा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भारी मानसूनी बारिश के कहर के लगभग चार सप्ताह बाद आया है, जिसके परिणामस्वरूप भूस्खलन, इमारत ढहने और सड़कों और अन्य बुनियादी ढांचे को नुकसान होने से दोनों राज्यों में कम से कम 103 लोगों की मौत हो गई। 13 हिमालयी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, असम और पश्चिम बंगाल शामिल हैं।

## रात्रिभोज के न्योते में प्रेसिडेंट ऑफ भारत का इस्तेमाल कांग्रेस ने लगाया इंडिया शब्द हटाने का आरोप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने जी-20 सम्मेलन से पहले केंद्र सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। पार्टी के महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया है कि जी-20 समिट के लिए नौ सितंबर को होने वाले रात्रि भोज के लिए जो निमंत्रण पत्र राष्ट्रपति भवन की तरफ से भेजे गए हैं, उनमें आमतौर पर इस्तेमाल होने वाले प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया को बदला गया है। रमेश का दावा है कि इसमें इंडिया शब्द को हटाया गया है और प्रेसिडेंट ऑफ भारत का इस्तेमाल किया गया है। जयराम रमेश ने ट्वीट में संविधान का जिक्र करते हुए कहा, इसके अनुच्छेद 1 में कहा गया है कि भारत, जो कि इंडिया था, वह राज्यों का संघ है। लेकिन अब तो राज्यों के संघ पर भी हमला किया जा रहा है।

## सुकमा में 2 नक्सली ढेर, मुठभेड़ स्थल से राइफल और पिस्टल बरामद



**सुकमा, 05 सितम्बर [एजेंसी]।**

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र सुकमा जिले से बड़ी खबर सामने आई है। ताड़मेटला इलाके में जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुआ है। इस मुठभेड़ में जवानों ने दी इनामी नक्सलियों को मार गिराया है। माओवादियों के शव के साथ हथियार बरामद किया गया है। यह कार्रवाई डीआरजी और सीआरपीएफ जवानों की संयुक्त टीम ने की है। इस घटना की पुष्टि एसपी किरण चव्हाण ने की है। मिली जानकारी के अनुसार, सुकमा जिले के ताड़मेटला इलाके में सर्चिंग पर निकले जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुआ है। नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर डीआरजी और सीआरपीएफ जवानों की संयुक्त टीम सर्चिंग पर निकली थी। इस मुठभेड़ में जवानों ने 2 नक्सलियों को मार गिराया है, जो एक-एक लाख के इनामी थे। नक्सलियों के शव के पास से एक राइफल और एक पिस्टल बरामद किया गया है। जंगलों में अभी भी सर्चिंग अभियान जारी है।

## आदित्य एल1 ने सफलतापूर्वक बदली दूसरी कक्षा




**नई दिल्ली।** भारत के पहले सूर्य मिशन आदित्य एल1 उपग्रह ने पृथ्वी की कक्षा बदलने का दूसरा चरण पूरा कर लिया है। इसरो ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि बेंगलुरु स्थित इस्ट्रैक सेंटर से आदित्य एल1 के पृथ्वी की कक्षा बदलने का दूसरा चरण सफलतापूर्वक किया गया।

## स्कूटी में लगी आग, बाल-बाल बचा बागेश्वर

**बिलासपुर।** चलती स्कूटी में आग लग गई। शार्ट सर्किट से गाड़ी में धुआं उठा और देखते ही देखते आग लग गई। इस घटना के बाद वहां लोगों की भीड़ जुट गई और जाम की स्थिति बन गई। घटना सरकंडा थाना क्षेत्र की है। कल शाम सरकंडा में रहने वाला बागेश्वर धीवर अपनी मेस्ट्रो स्कूटी में किसी काम से निकला था। गाड़ी इंदिरा सेतु पुल पर पहुंची थी, तभी चाबी लगाने वाली जगह से धुआं उठने लगा। जिसे देखकर उसने गाड़ी रोक दी। वह कुछ समझ पाता इससे पहले ही स्कूटी आग की लपटों से घिर गई। स्कूटी में आग लगते ही हड़कंप मच गया। बागेश्वर भी उसे देखकर दूर भाग खड़ा हुआ।

## तो मैं खुद ही ये काम कर लूंगा
## उदयनिधि के सिर पर 10 करोड़ का इनाम



**चेन्नई, 05 सितम्बर [एजेंसी]।**

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के बेटे और मंत्री उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म वाली टिप्पणी ने हंगामा मचा दिया है। मलेरिया और डेंगू से सनातन धर्म की तुलना करने के कारण उन्हें काफी आलोचना का सामना करना पड़ रहा हैं। इस बीच अयोध्या के एक संत परमहंस आचार्य ने एक वीडियो रिलीज किया है, जिसमें वह एक हाथ में उदयनिधि का पोस्टर और दूसरे हाथ में तलवार पकडे हुए नजर आ रहे है। इस वीडियो में उन्हें पोस्टर में बने उदयनिधि के सिर को तलवार से काटते हुए और फिर उसमें आग लगाते हुए देखा जा सकता है। संत परमहंस आचार्य ने अपनी वीडियो में नेता का सिर कलम करने वालों को 10 करोड़ रुपये का इनाम देने की भी घोषणा की।

# भिलाई में हादसा, ताश के पत्तों की तरह पानी की दो टंकियां धराशाई, पूरा इलाका जलमग्न, दहशत में लोग

**भिलाई , 05 सितम्बर [एजेंसी]।**

टाउनशिप में आज सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। सेक्टर 4 की जर्जर पानी टंकी जमीदोज हो गई। तेज आवाज के साथ दो पानी टंकी एक साथ ढह गई। इन दोनों टंकियों से सेक्टर 3 और 4 में पानी सप्लाई की जाती है। लेकिन पानी टंकी ढहने से लोग पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। भिलाई के सेक्टर 4 में सुबह सुबह 6 बजे ये हादसा हुआ। जब लोग मॉर्निंग वॉक कर रहे थे। तभी उन्होंने पानी टंकी अपनी आंखों के सामने गिरते देखा। हादसे की खबर मिलते ही



विधायक देवेंद्र यादव, मेयर नीरज पाल, बीएसपी के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। बीएसपी की पानी टंकी गिरने से सेक्टर 3 व सेक्टर 4 में पानी सप्लाई बाधित हो गई है।

हजारों बीएसपी कर्मचारी अधिकारी और अन्य लोगों तक पानी पहुंचाना एक बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। फिलहाल, टैंकर के जरिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। पानी की टंकी गिरने के बाद मलबा सड़क पर आ गया है। मेंटेनेंस आफिस का एक हिस्सा भी चपेट में आ गया है गनीमत ये था कि हादसा सुबह 6 बजे हुआ। यहां 9 बजे के बाद मेंटेनेंस आफिस के कर्मचारी और राहगीर आना शुरू हो जाते हैं अगर, उस वक्त हादसा हुआ होता तो कई लोग चपेट में आते।

# जम्मू-कश्मीर के रियासी इलाके में मुठभेड़, एक आतंकवादी मारा गया, सर्च ऑपरेशन जारी



**जम्मू, 05 सितम्बर [एजेंसी]।**

जम्मू-कश्मीर के रियासी इलाके में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को ढेर कर दिया है। इसके अलावा एक आतंकवादी को घेर लिया है, जिसके साथ मुठभेड़ जारी है। इस दौरान दो जवान घायल हुए हैं। इनमें एक सेना और दूसरा पुलिस का जवान है। इससे पहले जम्मू-कश्मीर पुलिस की ओर से ट्वीट कर बताया गया था कि रियासी इलाके में मुठभेड़ शुरू हुई है। पुलिस को मिले इनपुट के आधार पर दो आतंकियों को घेर लिया गया है। यह मुठभेड़ चासना के तुली इलाके की गली सोहाब में चल रहा है। इससे पहले बीते अगस्त में ही ही पुलवामा जिले में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच एनकाउंटर हुआ था, जिसमें दो आतंकी मारे गए थे। उन आतंकियों में से एक लश्कर-ए-तैयबा का टॉप कमांडर था। पुलिस की ओर से बताया गया कि मुठभेड़ पुलवामा जिले के लारो-परिगाम इलाके में हुई। दरअसल, सुरक्षाकर्मियों को परिगाम गांव में आतंकियों की आवाजाही के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी। कश्मीर जोन पुलिस के मुताबिक यह मामला सुरक्षाबलों को कश्मीर में आतंकियों के छिपे होने की जानकारी मिलने के बाद 5 अगस्त से सेना की राष्ट्रीय राइफल्स इकाई और जम्मू कश्मीर पुलिस मिलकर संयुक्त अभियान चला रहे हैं। इससे पहले बीते जुलाई के महीने में भी सुरक्षाबलों ने चार आतंकियों को मार गिराया था। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बताया था कि पुंछ के सिंधरा इलाके में पुलिस के साथ संयुक्त ऑपरेशन में सुरक्षाबलों ने चार आतंकियों को मार गिराया। संयुक्त अभियान सुरनकोट बेल्ट के सिंधारा शीर्ष क्षेत्र में शुरू किया गया, जिसके बाद गोलीबारी हुई थी।

## यूपी के पांच जिलों में एनआईए का छापा नक्सली कनेक्शन को लेकर ली जा रही है तलाशी




***लखनऊ, 05 सितम्बर [एजेंसी]।***

*राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के कई जिलों में तलाशी ले रही है। सीपीआई (माओवादी) मामले के सिलसिले में एनआईए ने बड़ी कार्रवाई की। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, वाराणसी, चंदौली, आजमगढ़ और देवरिया जिलों में एनआईए का तलाशी अभियान जारी है। मंगलवार सुबह से ही इन जिलों में एनआईए की टीम पहुंची और तलाशी अभियान में जुट गई। प्रयागराज, वाराणसी, चंदौली, आजमगढ़ और देवरिया जिलों के आठ स्थानों पर तलाशी ली जा रही है।*

## राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह शुरू



**रायपुर।** राजभवन में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री ने बधाई देते कहा कि पूर्व राष्ट्रपति भारतरत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाकर हम गौरवान्वित महसूस करते हैं। डॉ. राधाकृष्णन एक दार्शनिक और अध्यापक भी रहे हैं। देश को शिक्षा की दिशा में आगे ले जाने में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने उच्च नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में उतारा और अपने छात्रों को भी प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षक अच्छा नागरिक तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षा के माध्यम से वह समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की क्षमता रखते हैं। आशा है कि डॉ. राधाकृष्णन के पदचिन्हों पर चलते हुए सभी शिक्षक देश और समाज को सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# पीएम मोदी से मिलेंगे सीएम योगी, पेश करेंगे रिपोर्ट, रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तिथि पर भी लग सकती है आखिरी मोहर



**लखनऊ, 05 सितम्बर [एजेंसी]।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को नई दिल्ली में रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर योगी उन्हें अयोध्या में बन रहे श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए आमंत्रित कर सकते हैं। वह प्रधानमंत्री को प्रदेश के मंडल मुख्यालयों में स्थापित किये गए अटल आवासीय विद्यालयों के शुभारंभ के लिए भी न्योता दे सकते हैं। अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव और प्रदेश में निर्माणाधीन कुछ बड़ी परियोजनाओं को लेकर भी उनसे विचार विमर्श कर सकते हैं।

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण कार्य तेजी से हो रहा है। मंदिर के भूतल का निर्माण कार्य पूरा होने वाला है। इसी के साथ मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां भी तेज हो गई हैं।प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान अगले वर्ष 15 जनवरी से शुरू हो जाएगा। मंदिर में 21 से 23 जनवरी के बीच रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा संभावित है। प्राण प्रतिष्ठा के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से प्रधानमंत्री को आमंत्रण भेजा जा चुका है।

# प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया नहीं भारत के नाम से भेजा गया विदेशी मेहमानों को न्योता, कांग्रेस नेता का दावा

**नईदिल्ली, 05 सितम्बर [एजेंसी]।**

दिल्ली में 9 और 10 सितंबर को जी20 शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति समेत कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष कुछ ही दिनों में हमारे देश में आने वाले हैं। भारत की कोशिश है कि इस उपलक्ष्य पर इन



राजनेताओं की मेहमान नवाजी की खास तरीके से की जाए।इसी बीच कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने दावा किया कि राष्ट्रपति भवन में 9 सितंबर को होने वाले जी 20 के डिनर के आमंत्रण पत्र में प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया की जगह प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखा है। जयराम रमेश ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक लिखा, तो ये खबर वाकई सच है। राष्ट्रपति भवन ने 9 सितंबर को जी20 रात्रिभोज के लिए सामान्य President Of India की बजाय President Of Bharat के नाम पर निमंत्रण भेजा है। अब, संविधान में अनुच्छेद 1 हो सकता है- भारत, जो इंडिया था, राज्यों का एक संघ होगा। लेकिन अब इस राज्यों के संघ पर भी हमला हो रहा है।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

**डॉ.आर.के.अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

**डॉ.शशि अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## कार्यक्रम में गिरे सीएम, सुरक्षाकर्मियों ने उठाया



**पटना 05 सितम्बर।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना यूनिवर्सिटी में एक उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान उनका पैर फिसल गया और वह गिर गए। हालांकि वहां मौजूद उनके सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें पकड़ लिया और नीचे गिरने से पहले ही संभाल लिया।

इस दौरान बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर भी मौजूद थे। नीतीश कुमार के गिरने का वीडियो भी सामने आया है।

इसमें देखा जा सकता है कि वह पटना यूनिवर्सिटी के व्हीलर सीनेट हाउस का उद्घाटन करने पहुंचे थे। इस दौरान बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर भी मौजूद थे और दोनों नेता पर्दा हटाने के लिए डोरी खींच ही रहे थे कि नीतीश कुमार का पैर फिसल गया और वह गिर गए।

# थलसेना प्रमुख की नौसेना कमांडरों से बातचीत कहा- तीनों अंगों को आपस में सीखने की जरूरत



**नईदिल्ली, 05 सितम्बर [एजेंसी]।**

भारतीय नौसेना के शीर्ष कमांडरों ने सोमवार को तीन दिवसीय सम्मेलन की शुरुआत की। इस बैठक की शुरुआत रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने की तो वहीं सीडीएस अनिल चौहान और नौसेना प्रमुख आर हरि कुमार भी वहां मौजूद रहे। कमांडर कॉन्फ्रेंस में भारतीय सेना प्रमुख मनोज पांडे भी नौसेना के कमांडरों से बातचीत की।उन्होंने सीमाओं पर सुरक्षा स्थिति के बारे में संक्षिप्त जानकारी भी प्रदान की। जनरल पांडे ने भारतीय सेना द्वारा किए गए विभिन्न आधुनिकीकरण, स्वदेशीकरण, मानव संसाधनों और तीनों सेनाओं के तालमेल को बढ़ाने के तरीकों पर बात की।

इसके अलावा उन्होंने कहा कि तीनों अंगों को एक-दूसरे से सीखना चाहिए। सम्मेलन में प्राचीन भारतीय स्टिच्ड जहाज के मॉडल को प्रदर्शित किया गया। परियोजना का लक्ष्य है कि जहाजों को एक साथ सिलने की 2000 साल पुरानी प्राचीन तकनीक को पुनर्जीवित करना है। इसका उपयोग प्राचीन समय में समुद्र में जाने वाले जहाजों के निर्माण के लिए किया जाता था। भारतीय नौसेना 2025 में पारंपरिक तरीकों से इस जहाज पर यात्रा करेगी।

# खेल से होता है शारीरिक एवं बौद्धिक विकास : मोहित केरकेट्टा

## विधायक एवं महापौर ने गिल्ली डंडा खेलकर किया खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन






**कोरबा ।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेल गतिविधियों में ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। ब्लॉक स्तरीय खेल पूर्ण होने के बाद तीन दिवसीय जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम में आज से प्रारंभ हो गया।

महापौर राजकिशोर प्रसाद ने जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का शुभारंभ किया। यह खेल 04 सितंबर से 07 सितंबर 2023 तक चलेगा। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में जिले के सभी विकासखण्डो से बच्चों से लेकर 18 वर्ष, 18 से 40 एवं 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के महिला पुरुष प्रतिभागी बड़ी उत्साह के साथ शामिल हो रहे हैं।जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पाली तानाखार के विधायक श्री मोहित राम केरकेट्टा ने कहा कि छत्तीसगढ़िया ओलंपिक से पारंपरिक खेलों और संस्कृति के संरक्षण के उद्देश्य की पूर्ति के लिए मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खेल के माध्यम से शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है तथा इसके साथ ही बुद्धि व मानसिक विकास भी होता है। उन्होंने कहा कि अब तक 05 विकासखण्डों में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों में खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में सहभागिता की है।

विधायक ने खिलाड़ियों से आव्हान किया कि वे खेल को खेल भावना से खेलें। विधायक श्री केरकेट्टा एवं महापौर श्री प्रसाद ने गिल्ली डंडा खेलकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेल में 18 वर्ष आयुवर्ग के बालक बालिका, 18 से 40 और 40 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के महिला पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया। गौरतलब है कि जिला स्तरीय खेल के आज पहले दिन गिल्ली-डंडा, बांटी, 100 मीटर लंबी दौड़ व लम्बी कूद (पुरूष), गेड़ी दौड़ (पुरूष), रस्सी कूद (महिला), कुश्ती (महिला), खो-खो (महिला), कबड्डी (महिला), रस्साकशी (महिला) का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर नगर निगम अपर आयुक्त श्री खजांची कुमार, उप संचालक पंचायत सुश्री जुली तिर्की, खेल अधिकारी श्री दीनू पटेल, जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या खिलाड़ी एवं शहरी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।



## जिले में 7 सितंबर तक मनाया जा रहा साक्षरता सप्ताह

**कोरबा ।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के मार्गदर्शन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं उपाध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण तथा जिला शिक्षा अधिकारी व सचिव जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के दिशा-निर्देश में जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा जिले में 1 से 7 सितम्बर तक साक्षरता सप्ताह मनाया जा रहा है।

जिला परियोजना अधिकारी डॉ. सीमा भारद्वाज ने बताया कि साक्षरता सप्ताह अंतर्गत विगत 02 सितम्बर को शासकीय हाई स्कूल गोपालपुर में रंगोली, मेहंदी, निबंध लेखन एवं चित्रकला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साक्षरता सप्ताह में भारत सरकार की नई शिक्षा पर केन्द्रित योजना उल्लास-नवभारत कार्यक्रम अंतर्गत बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, बुनियादी शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा और सतत शिक्षा का क्रियान्वयन किया जाएगा।

### महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ माकपा ने चलाया अभियान

## बांकी मोंगरा चौक में केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ पुतला दहन करेगी माकपा

**कोरबा।** बेहिसाब बढ़ती महंगाई लोगों पर अभूतपूर्व बोझ डाल रही है। करोड़ों लोग मंहगाई से पीड़ित हैं और बढ़ती भूख की पीड़ा के साथ गहरी गरीबी में धकेले जा रहे हैं। अभूतपूर्व स्तर तक बढ़ती बेरोजगारी के साथ यह मंहगाई लोगों की दुख-तकलीफों को और बढ़ा रही है।

माकपा के राष्ट्रीय आह्वाहन पर 1 से 7 सितंबर तक बढ़ती मंहगाई और बेरोजगारी के खिलाफ देशव्यापी विरोध सप्ताह बनाने का निर्णय लिया गया है जिले में माकपा कार्यकर्ता गांव गांव जाकर आम जनता को अभियान से जोड़ रहे हैं माकपा ने 6 सितंबर को बांकी मोंगरा चौक में केंद्र सरकार की मंहगाई और बेरोजगारी बढ़ाने वाली जनविरोधी नीतियों के खिलाफ पुतला दहन करने का आह्वाहन किया है।मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव प्रशांत झा ने कहा की माकपा के राष्ट्रीय आह्वाहन पर जिले के गांव गांव में मंहगाई और बेरोजगारी के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा जा रहा है कमरतोड़ मंहगाई और बेरोजगारी ने आम लोगों की परेशानियों को काफी बढ़ा दिया है जरूरी चीजें चावल, दाल, आटा,खाने के तेल,ईंधन तेल,सब्जियां,दवाई मंहगी होती जा रही है। अनाज दूध,दही, कापी, किताबों पर मोदी सरकार द्वारा जीएसटी थोपे जाने से इन सभी चीजों की कीमतें भी बढ़ गई है।डीजल पेट्रोल मंहगा होने से परिवहन खर्च भी बढ़ गया है जिसके कारण मंहगाई तेजी से बढ़ी है रसोई गैस की कीमतें लाखों परिवारों की पहुंच से बाहर है।

दूसरी और बेरोजगारी के स्थिति भयावह होती जा रही है केंद्र और राज्य सरकारों के विभागों समेत रेलवे,बैंक,और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में खाली पड़े पदों पर बहाली नहीं कर इन सभी जगहों पर ठेका और आउटसोर्सिंग प्रथा से काम चलाया जा रहा है। हालत यह है की हर परिवार में बेरोजगार नौजवानो के सामने आजीविका के लिए नौकरी की समस्या ने विकराल रूप धारण कर लिया है।

माकपा पूरे देश में 1 से 7 सितंबर तक अभियान चलाकर आम जनता को एकजुट कर बड़े आंदोलन की तैयारी कर रही है। 6 सितंबर को बांकी मोंगरा चौक में केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ पुतला दहन किया जाएगा। माकपा के इस अभियान में बढ़ी संख्या में आम जनता जुड़ रही है।

### महिला आयोग द्वारा प्रकरणों की सुनवाई 08 सितम्बर को

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक आगामी 08 सितम्बर 2023 को जिले में महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित प्राप्त प्रकरणों की सुनवाई करेंगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त तिथि को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रात: 11 बजे से अध्यक्ष डॉ. नायक द्वारा प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी।

### शिक्षक दिवस समारोह

**कोरबा।** देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन 05 सितम्बर दिन मंगलवार को प्रात: 11 बजे जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा टी. पी. नगर स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षद्वय श्रीमती सपना चौहान व सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने उक्त जानकारी दी।

## उर्वरक के भौतिक सत्यापन में अनियमितता पाए जाने पर होगी कार्यवाही

**कोरबा ।** उप संचालक कृषि अजय कुमार अनंत के निर्देश में खरीफ 2023-24 में जिले के क्षेत्रीय उर्वरक निरीक्षकों द्वारा जिले के सभी सेवा सहकारी समितियों एवं खाद के निजी विक्रय केन्द्रों में लगातार जांच कर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में निरीक्षकों द्वारा अब तक जिले के 127 उर्वरक विक्रय केद्रों में निरीक्षण किया गया है। जिसके अंतर्गत 43 विक्रय केद्रों में अनियमिता पाई गई। कार्यवाही की कड़ी में 37 विक्रय केन्द्रों पर कारण बताओ नोटिस एवं 06 विक्रय केंद्रों में अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए उर्वरक की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है। उर्वरक विक्रेताओं द्वारा विक्रय किये गए उर्वरक की मात्रा पीओएस मशीन में अनिवार्यत: एन्ट्री किया जाना है। इस संबंध में निरीक्षकों द्वारा उर्वरक के भौतिक स्टॉक पीओएस में किए गए एन्ट्री की लगातार जांच करते हुए सत्यापन में भिन्नता पाये जाने पर कार्यवाही की जा रही है।

उप संचालक कृषि ने बताया की जिले में कोई उर्वरक विक्रेता वास्तविक किसान को उर्वरकों की बिक्री न कर केवल पीओएस मशीन में उर्वरकों का फर्जी विक्रय दिखाता है एवं जांच के दौरान उसके उर्वरक गोदामों में भौतिक रूप से उर्वरक पाए जाते है साथ ही उपलब्ध स्टॉक में भिन्नता पाई जाती है। ऐसी स्थिति में उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के अंतर्गत संबंधित उर्वरक विक्रेता के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। इसी प्रकार से उर्वरकों की कालाबाजारी करने एवं निर्धारित शासकीय दर से अधिक मूल्य पर किसानों को उर्वरक विक्रय करने पर भी संबंधित विक्रेताओं पर कार्यवाही की जाएगी। जिले के उर्वरक निरीक्षक द्वारा उक्त संदर्भ में पुन: भौतिक सत्यापन की कार्यवाही युद्धस्तर पर प्रारंभ की जा रही है। उप संचालक कृषि ने जिले के सभी उर्वरक विक्रेताओं को उर्वरक के भौतिक एवं पीओएस एन्ट्री की सत्यता बनाये रखने हेतु आग्रह किया है, जिससे इस प्रकार की शिकायत जिले से सामने न आये।



### बतरा में नई इकाई का गठन

कोरबा। भीम आर्मी कोरबा जिला अंतर्गत पाली ब्लॉक का गठन किया गया ग्राम पंचायत बत्रा मे जिसमे जिलाध्यक्ष गिरजाशंकर खूंटे जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिलीप बंजारे जिला मिडिया प्रभारी अनिल खूंटे वरिष्ठ सहयोगी हीरालाल मल्होत्रा उपस्थिति रहे । भीम आर्मी पाली ब्लॉक प्रभारी प्रताप रात्रे ब्लॉक अध्यक्ष विवेक बंजारे उपाध्यक्ष प्रभात रात्रे महासचिव महेंद्र पाटले सचिव शैलेष खांडे कोषाध्यक्ष राघवेंद्र पात्रे को चुना गया व अन्य 10 साथिओं को कार्यकारणी सदस्यों के रूप मे चुना गया ।

### प्रधान पाठक को हटाने ग्रामीणों ने घेरा बीईओ कार्यालय



स्कूल से प्रधान पाठक नदारत रहती है जिस कारण स्कूल की शिक्षा के क्षेत्र में घटती जा रही है। इस

**कोरबा।** जिले के पाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बतरा के आश्रित ग्राम सोनसरी के सरपंच पंच एवं आम नागरिकों ने विकास खंड शिक्षा अधिकारी पाली के कार्यालय का घेराव कर दिया। उन्होंने प्राथमिक शाला सोनसरी के प्रधान पाठक श्रीमती किरण मरकाम को हटाकर अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग पर यह प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि प्रधान पाठक यहां प्राथमिक शाला सोनसारी में पदस्थ रहते हुए कन्या छात्रावास रजकम्मा में 14 वर्ष से ड्यूटी कर रही हैं। जिसके चलते स्कूल के बच्चों को नियमित शिक्षा ग्रहण नहीं हो पा रहा है। हमेशा स्कूल से प्रधान पाठक नदारत रहती है जिस कारण स्कूल की शिक्षा के क्षेत्र में घटती जा रही है। इस बात को लेकर ग्राम बतरा के सरपंच श्रीमती रामायण देवी, एवं गोंडवाना छात्र संघ प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज कंवर,अभिषेक खुसरो ब्लाक अध्यक्ष के अगुवाई में विकासखंड कार्यालय के सामने घेराबंदी कर धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान अमित कुमार,अभिषेक पोर्ते ,अनिल कुमार, पंकज, प्रिया पोर्ते, ममता पोर्ते,मनीष कुमार, चंद्रशेखर सहित ग्रामीण उपस्थित रहे। प्रदर्शन की सूचना पर पाली थाना से पुलिस स्टाफ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से अनेक बार मांग की है कि उन्हें हटाकर कोई दूसरे शिक्षक की व्यवस्था दी जाए।

**कोरबा।** सोनसरी के प्रधान पाठक के द्वारा स्कूल के साथ-साथ छात्रावास का काम संभालने के कारण पठन-पाटन पर असर पड़ रहा है। काफी समय से बनी इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने पाली में विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव करने के साथ नारेबाजी की।

## अशासकीय विद्यालय प्रबंधक कल्याण संघ ने शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला के साथ किया वन भ्रमण कार्यक्रम



**कोरबा।** शिक्षक भविष्य के निर्माता है और वह पूरे मनोयोग से विद्यार्थी को संवारने में लग जाएं तो भारत पुन: विश्व गुरु कहलाएगा.

शिक्षक भविष्य के निर्माता है और वह पूरे मनोयोग से विद्यार्थी को संवारने में लग जाए तो हमारा देश पुन: विश्व गुरु के आसंदी को हासिल कर लेगा, यह उद्गार छत्तीसगढ़ राज्य अशासकीय विद्यालय प्रबंधक कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवम उच्च न्यायालय अधिवक्ता चित्रंजय पटेल ने मुख्य अतिथि की आसंदी से आज शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा।

इस अवसर पर कार्यशाला को जिलाध्यक्ष दुलीचंद साहू एवम कोषाध्यक्ष सरोज महंत ने शिक्षक के महत्व को बताते हुए शिक्षण शैली से उपस्थित शिक्षक वृंद का साक्षात्कार कराया तो वहीं ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पेंद्र राठौर ने स्वागत भाषण एवम् आभार प्रदर्शन आयोजक विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण महान ने किया। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक सचिव बी डी चौहान ने किया।कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती एवम् भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित तथा दीप प्रज्जवलित कर किया गया तथा मंचासिन सभी स्कूल संचालकों का चंदन तिलक व पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। साथ ही प्रशिक्षण वर्ग के बाद सभी संचालकों के साथ ही शिक्षकों ने वन भ्रमण व शानदार वन भोज का आनंद लिया जिसके लिए ब्लॉक कोषाध्यक्ष विनोद साहू का सभी ने आभार जताया।गौर तलब है कि अंचल के शैक्षणिक इतिहास में पहली बार बड़ी संख्या में निजी विद्यालयों ने प्रबंधक परिवार के साथ शिक्षक शिक्षिकाओं ने पारिवारिक वातावरण में प्रशिक्षण के साथ वन भ्रमण एवम् सहभोज का आनंद लिये। जिसको लेकर शिक्षा जगत भारी उत्साह नजर आ रहा था।ऋषभ तीर्थ की पावन धरा में जलप्रपात दमाउ धारा के कल कल ध्वनि से गुंजित वातावरण में श्री जगन्नाथ उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के सभागार में आयोजित आज के समारोह में हाजिर करीब पच्चीस विद्यालयों के शिक्षक परिवार के लिए कार्यक्रम स्मरणीय पल में शुमार हो गया तथा सबने इस प्रकार के आयोजन सतत कराने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने स्कूल संचालक रामधन यादव, पुष्पेंद्र चंद्रा, जी आर प्रधान, संतोष चौहान, नेहा पाटले, शीतल पटेल, भुवन साहू, खिलावन साहू, लाकेश्वर श्रीवास, आरती काठे, शिवेश राठौर, फूल कुमारी बरेठ, पुष्पेंद्र राजपूत, दिनेश साहू, महेंद्र राठौर, नकुल भारद्वाज,अजीत चौहान, वाई एस चंद्रा की महती भूमिका रही।

## अभाविप ने फूका सरकार का पुतला,सौंपा कलेक्टर को ज्ञापन



**कोरबा।** पिछले दिनों हुए बलात्कार की घटना के विरोध में आज अभाविप द्वारा प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया गया। ज्ञात हो की रक्षाबंधन का पर्व भाई बहन के अटूट रिश्ते का पर्व होता है इसी रक्षाबंधन के दिन अपने भाइयों को राखी बांधकर लौट रही दो सगी बहनों के साथ राजधानी रायपुर से लगे मंदिर हसौद में गैंग रेप जैसा घिनौना अपराध घटित हुआ, प्रदेश केंद्र में युवक द्वारा चाकू से बहनों को डराया गया और उन्हें उठा ले गए। घटना के पश्चात क्षेत्र की जनता में भी काफी आक्रोश देखा गया वहा थाने का घेराव कर लगातार हो रही इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की मांग कि गई है और ज़िला अतिरिक्त कलेक्टर दिनेश कुमार नाग जी को ज्ञापन सौंपा गया।

ज़िला संयोजक सन्नी यादव ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है। हर दूसरे दिन प्रदेश की बहन बेटियों के साथ इस तरह का जो अनाचार घटित हो रहा है वह प्रदेश में कानून व्यवस्था के बदहाल स्थिति को परिलक्षित करता है । आज प्रदेश में कोई भी बेटी सुरक्षित नहीं है ऐसे समय में आवश्यकता है कि सरकार ऐसी स्थिति में सुधार हेतु कानून व्यवस्था सुदृढ़ करे एवम् ऐसे कृत्य के अपराधियों पर तत्काल कठोर कार्यवाही करे ।

अभाविप नगर मंत्री अभिषेक तिवारी ने कहा कि आज अभाविप द्वारा प्रदेश के प्रत्येक जिला केंद्रों में प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया एवं ज़िला कलेक्टर कार्यालय पहुँच कर ज्ञापन सौंपा गया है। जिससे सोई हुई सरकार अपने नींद से जागे और प्रदेश की कानून व्यवस्था की बेहतरी के लिए काम करे ज्ञापन के दौरान नगर सह मंत्री ललित भवानी, उद्देश्य यादव, निखिल यादव, प्रेम सोनी, अनिकेत साहू, योगेश जयसवाल, उदय यादव, हिमाशु, आदि यादव, निविदिता सिंग मौजूद रही।

## राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित होगें मुकुन्द

**कोरबा।** कोरबा शहर से 18 किलोमीटर दूर ग्रामीण अंचल शासकीय माध्यमिक शाला आमापाली, संकुल तिलकेजा में पदस्थ मुकुन्द केशव उपाध्याय जो 1998-99से शिक्षा विभाग में अपनी सेवा देते आ रहे हैं,और शाला, एवम शाला में अध्ययन रत बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु शतत प्रयासरत हैं,इनके द्वारा शासन की शालाओं को सौंपी गई।



समस्त दायित्व का बखूबी निर्वहन करते आ रहे हैं, समस्त योजनाओं को अपने शाला में बड़ी हे खुश होकर सच्ची लगन के साथ करते हैं, साथ ही उन्होंने अनेको श्रेष्ठ कार्य किये है जिससे उनकी अलग पहचान बनती हैं, इन्ही व्यवहार, कार्य,के चलते इस वर्ष 5 सितम्बर 2023 को राजभवन में राज्यपाल पुरस्कार सम्मान से पुरस्कृत किया जाएगा. मुकुन्द उपाध्याय को यह सम्मान उनके कार्य,व्यवहार, बच्चो के प्रति अगाध प्रेम,व शालेय गतिविधियों में शाला साफ सफाई,सड़क निर्माण, सास्कृतिक मंच निर्माण, वृक्षरोपण, शालेय साज सज्जा, पुट्टी, टाइल्स, बाउंड्रीवाल, मॉडल क्लास चलाने आदि अनेको शतत सक्रीयता के कारण मिलने जा रहा हैं,मुकुन्द उपाध्याय जी को पूर्व में भी शासन स्तर पर मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण,रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय शैक्षणिक गोष्ठी में कोरबा जिले का प्रतिनिधित्व करके का अवसर भी प्राप्त होक र सम्मानित हो चुके हैं,शिक्षा विभाग,के अधिकारियों द्वारा, कलेक्टर, मंत्री, विधायक, महापौर,अनेको सामाजिक संगठन,सास्कृतिक मंच,एस बी आई लाईफ आदि द्वारा सैकड़ो सम्मान पत्र मिल चुके है

## भाजपा प्रत्याशियों की एक और सूची जल्द,मीडिया से नेता प्रतिपक्ष की चर्चा

कोरबा। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहां है कि इनकम टैक्स और एनफोर्समेंट डिपाटर्मेंट के काम करने का अंदाज बिल्कुल अलग-अलग है और पूरी छानबीन के साथ अधिकारी कार्यवाही करते हैं। छत्तीसगढ़ में जो कुछ गतिविधियां चल रही हैं वह प्रक्रियाओं का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि भाजपा प्रत्याशियों की एक और सूची बहुत जल्द आने वाली है। विधानसभा चुनाव के लिए कोरबा क्षेत्र से लखनलाल देवांगन को भाजपा के द्वारा प्रत्याशी घोषित कर देने के साथ लगातार बैठकें और कार्यक्रम हो रहे हैं ।

इसी सिलसिले में विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल का कोरबा आगमन हुआ। ऐसी ऐसी भी गेस्ट हाउस में पत्रकारों से चर्चा करते हुए चंदेल ने बताया कि पहले ही 22 प्रत्याशियों की सूची घोषित की जा चुकी है और एक सूची बहुत जल्द आने वाली है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि कोई 1 घंटे या 1 दिन में तय करने के साथ इनकम टैक्स और इंपोर्ट्समेंट डिपार्टमेंट के अधिकारी कहीं भी कार्रवाई नहीं करते हैं बल्कि इसके लिए तमाम तरह से सर्वे होते हैं और फिर एक्शन लिए जाते हैं। हो सकता है कि आने वाले दिनों में कहीं और ठिकानों पर इस प्रकार की कार्रवाई जांच एजेंसियां करें। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह भाजपा प्रत्याशी और पूर्व संसदीय सचिव लखन लाल देवांगन के अलावा अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे

## कलमबंद हड़ताल पर रहें जिले के अधिवक्ता,कामकाज प्रभावित



**कोरबा।** प्रदेश सरकार के खिलाफ अधिवक्ताओं की नाराजगी बढ़ती जा रही है। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट, सामूहिक बीमा और मृत्यु दावा राशि में बढ़ोतरी की मांग को लेकर कोरबा जिले के हजारों अधिवक्ताओं ने सोमवार को कलमबंद हड़ताल का आह्वान किया था। जिला अधिवक्ता संघ कोरबा के आह्वान पर कोरबा जिले के सभी सिविल, क्रिमिनल, परिवार न्यायालय, राजस्व न्यायालयों में कामकाज पूरी तरह से बंद रहा। अधिवक्ताओं ने जिला न्यायालय परिसर कोरबा से रैली निकालकर तानसेन चौक कोरबा में मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया।संपूर्ण छत्तीसगढ़ में 4 सितंबर को तीन सूत्रीय मांगों को लेकर कलमबंद हड़ताल का असर देखने को मिला। कांग्रेस सरकार ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में अधिवक्ताओं की मांग को पूरा करने का वादा किया था, लेकिन आज तक पूरा नहीं किया गया। सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में सभी वकील लामबंद होकर आंदोलन कर रहे हैं। अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने कलमबंद हड़ताल से आम नागरिकों को हुई परेशानी के लिए राज्य सरकार को दोषी ठहराया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई तथा विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया।विरोध प्रदर्शन में जिला अधिवक्ता संघ कोरबा के अधिवक्ता संजय जायसवाल, सचिव नूतनसिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष उत्तरा राठौर, कोषाध्यक्ष अमरनाथ कौशिक, सहसचिव किरणभान शांडिल्य, रवि भगत, कमलेश श्रीवास, क्रांति श्रीवास, पूर्व अध्यक्ष गोपी कौशिक, सीके शर्मा, गणेश कुलदीप, बीके शुक्ल, अशोक तिवारी, सुरेन्द्र पुरोहित, पीएनएस यादव, अब्दुल रहमान, आरएन राठौर, रमन साहू, रजनीश निषाद, सुधीर निगम, सुरेश पटेल, छतराम साहू, श्रीराम श्रीवास सहित सैंकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

### तनमय को मिला राष्ट्रीय धरोहर हमारे गौरव सम्मान



**कोरबा।** एस ई सी एल कुसमुंडा परियोजना में सिनियर ओवरमेन के पद पर कार्यरत वीरेंद्र कुमार टंडन के पुत्र तनमय टंडन को में लगातार मॉडलिंग के क्षेत्र में अवार्ड मिलने पर राष्ट्रीय धरोहर हमारे गौरव सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया। शिखर साहित्य समिति रायपुर के द्वारा वृंदावन सभा कक्ष सिविल लाईन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में के पी खांडे अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर जे आर सोनी शामिल हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता एम एल चेलक द्वारा किया गया तनमय डी ए व्ही स्कूल कुसमुंडा में 12वीं का छात्र है।

# पामगढ़ विधानसभा से संतोषी सिंह रात्रे ने ठोकी टिकट के लिए ताल

**जांजगीर चांपा।** विधानसभा क्षेत्र पामगढ़ से श्रीमती संतोषी मनोज रात्रे ने कांग्रेस पार्टी से टिकट की दावेदारी कर दी है जिन्होंने कांग्रेस पार्टी से टिकट देने पर इस विधानसभा को जीत दिलाने का भरोसा कांग्रेस पार्टी को दी है । पामगढ़ विधानसभा अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र है इस विधानसभा से अनेक दावेदार कांग्रेस पार्टी से टिकट मांग रहे हैं । यहां टिकट चाहने वालों की सूची बड़ी लंबी है जहां कांग्रेस पार्टी को निर्णय लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस पार्टी के लिए एक चुनौती पूर्ण विधानसभा है जहां कई वर्षों से कांग्रेस पार्टी ने विधायक का चेहरा नहीं देखा है ऐसे में प्रत्याशी चयन में सावधानी बरतना नितांत आवश्यक है। जिन लोगों ने विधानसभा के टिकट मांगी है उनमें से श्रीमती संतोषी मनोज सिंह रात्रे का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है।

संतोषी मनोज सिंह रात्रे मूलतः चंडीपारा के पास उरैया की रहने वाली है जिनका पारिवारिक पृष्ठभूमि पूरी तरह से शिक्षित वर्ग से आता है। विशाल रिश्तेदारियों में भरा अधिकतर लोग शासन के विभिन्न पदों पर सेवा दे रहे हैं विभागीय पकड़ में संतोषी सिंह रात्रि का पक्ष बहुत ही मजबूत नजर आ रहा है । 1988 को जन्मी संतोषी सिंह रात्रि का मायका पक्ष जितना शिक्षित है उतना ही



शिक्षित पक्ष उसका ससुराल पक्ष भी है जो विभिन्न क्षेत्रों में शासकीय सेवा के पदों पर कार्य कर कर रहे हैं ऐसे में इनका सामाजिक पकड़ अन्य टिकट के दावेदारों की तुलना में अधिक मजबूत जान पड़ता है।

संतोषी मनोज सिंह रात्रे शिक्षित महिला है जिनका उद्देश्य समाज में पिछड़े हुए व्यक्तियों को मुख्य धारा में लाने की बात की सोच रखती है तथा क्षेत्रीय विकास को प्रमुखता मे लिए हुए वह क्षेत्र से नेतृत्व करना चाहती है कांग्रेस पार्टी अगर संतोषी मनोज सिंह रात्रे को पामगढ़ क्षेत्र से टिकट देती है तो पार्टी को निराश नहीं होना पड़ेगा ऐसा क्षेत्र के लोगों का मानना है।

ज्ञात हो कि ज्ञात होगी पामगढ़ विधानसभा में वर्तमान बसपा की श्रीमती इंदु बंजारे विधायक है वहीं इसके पूर्व भाजपा क अंबेश जांगड़े ने जीत हासिल किया था। इसके पूर्व बसपा से दुजराम बौद्ध विधायक रहे हैं ऐसी स्थिति में कांग्रेस पार्टी को यहां पैर जमाने के लिए अच्छे व्यक्तित्व पर दांव लगाने की जरूरत है। यहां कांग्रेस पार्टी में टिकट के अनेक दावेदार समय-समय पर उभर कर आते रहे हैं पामगढ़ विधानसभा मे कांग्रेस को जीतने के लिए सबसे बड़ी बात यह है कि सामाजिक गतिविधियों के साथ-साथ पारिवारिक ढांचे का बड़ा होना आवश्यक है जो मतदाताओं को अपने पक्ष में कर सके,वहीं प्रत्याशी के अच्छे सोच से भी मतदताओं को आकर्षित किया जा सकता है जबकि चकाचौंध वाले लोगों पर कांग्रेस पार्टी अपनी किस्मत आजमाते रही है और पर आज हाथ लगाते रहा है

किंतु श्रीमती संतोषी मनोज सिंह रात्रे का सोच पामगढ़ के लिए अच्छी है जो इस विधानसभा के लगभग ग्राम पंचायतों को तथा वहां की स्थिति को भली भांति जानती है तथा यहां की समस्याओं को वह विधायक बनकर हमेशा के लिए दूर करना चाहती है इसलिए कांग्रेस पार्टी को चाहिए कि प्रत्याशी चयन में सोच समझकर निर्णय ले। इसके साथ ही साथ इसके साथ ही साथ श्रीमती संतोषी मनोज रात्रे के नाम पर भी विचार करना चाहिए।

## लाइटिंग से तीन इंसुलेटर फूटे, 2 घंटे गुल रही बिजली

**जांजगीर।** सोमवार की दोपहर अचानक हुई बारिश और तेज गरजना से जिला मुख्यालय की बिजली की व्यवस्था प्रभावित हुई। लाइटिंग से बनारी के पास का 33 केवी सब स्टेशन के इंसुलेटर उड़ गए। इससे लाइट करीब दो घंटे तक बंद रही। पूरा सावन बीतने के बाद भादों में इस साल पहली बार सोमवार को बादल खूब तेजी से गरजे। अचानक बदले मौसम के साथ बारिश भी हुई इसी दौरान तेज गरजना के कारण हुई लाइटिंग ने बनारी के पास 33 केवी मेन लाइन को ही उड़ा दिया। यहां से पूरे शहर को बिजली सप्लाई होती है। यहां बिजली गिरने से शहर के कुछ इलाकों को छोड़कर पूरे शहर में बिजली बंद हो गई।

## लायंस स्कूल में शिक्षक सम्मान समारोह आज

**चांपा।** स्थानीय समाज सेवी संस्था लायंस क्लब द्वारा संचालित लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल में मंगलवार 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन अपरान्ह 4 बजे से किया गया है। समारोह की मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती वर्मा होंगी। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। समारोह की अध्यक्षता लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन करेंगे। मुख्य वक्ता के रूप में ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल जांजगीर की प्राचार्य श्रीमती सोनाली सिंह मौजूद रहेंगी। लायंस क्लब के सचिव लायन संतोष कुमार सोनी ने उक्त जानकारी देते हुए समारोह में आमंत्रितों से अनिवार्य उपस्थिति का अनुरोध किया है।

### पेट दर्द की शिकायत के बाद तीन की मौत

# परसाही गांव में जहरीली शराब बनी जान की दुश्मन



**जांजगीर चांपा।** साढ़े तीन महीने के भीतर जिले में जहरीली शराब से मौत का तीसरा मामला सामने आया है। इससे पहले 15 मई को नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम रोगदा में सेना के जवान समेत तीन लोगों की मौत हो गई थी।

इसके बाद 31 अगस्त की रात को नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम अमोदा में एक महिला व एक युवक की मौत हुई थी। इसी तरह सोमवार की सुबह अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम परसाही बाना निवासी संत कुमार सांडे पिता गोरेलाल 42 अपने सगे भाई संजय कुमार सांडे 34 व मित्र जितेंद्र कुमार सांडे 40 की मौत से गांव में हड़कंप मच गया है। लोग तरह तरह के कयास लगा रहे हैं कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है। हालांकि अब के पहले पिछले दो मामले में बदले की भावना से शराब में जहर मिलाने की बात सामने आई है। जिसमें दो आरोपियों को पुलिस ने जेल दाखिल किया है। वहीं तीसरे मामले में अभी खुलासा होना बाकी है। हालांकि कुछ ग्रामीणों का आरोप है कि इस मामले में भी बदले की भावना सामने आ रही है, लेकिन पुलिस अभी कुछ कहने से बच रही है। पुलिस का कहना है कि जब तक पूरे मामले की जांच नहीं हो जाती तब तक कुछ कहना गलत है। फिलहाल तीन-तीन मौतों से गांव में हड़कंप मचा है।

जहरीली शराब से तीन लोगों की मौत के बाद भाजपा महिला मोर्चा ने सोमवार को अकलतरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास जोरदार प्रदर्शन किया। महिला मोर्चा का कहना था कि जिले में अवैध शराब बंद किया जाए। वहीं पीड़ित के परिजनों को मुआवजा दिया जाए। महिला मोर्चा ने यह भी आरोप लगाया कि जिले में अवैध शराब की बाढ़ आ गई है। पुलिस लाख कोशिशों के बाद भी अवैध शराब पर लगाम नहीं लगा पा रही है।

गांव में अवैध शराब को लेकर कई तरह के कयास लगा रहे हैं। परसाही बाना के लोगों के बीच यह सवाल उठ रहा है कि कहीं पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए तो इस तरह के कदम उठाए गए हैं। क्योंकि गांव में इस तरह की अफवाहें तेजी से फैल रहा है। लोगों का यह भी कहना है कि लाया किसी और के लिए पी गया कोई और। क्योंकि इससे पहले रोगदा व अमोदा मामले में यही बातें सामने आई थी।

परसाही बाना गांव के पूर्व सरपंच ने इससे पहले अकलतरा थाना व एसपी आफिस में यह शिकायत की थी कि गांव की एक महिला काफी लंबे अर्से से अवैध शराब की बिक्री करती है। जिसके खिलाफ कार्रवाई की जाए। लेकिन अकलतरा पुलिस ने अब तक उक्त महिला के खिलाफ किसी तरह की कार्रवाई नहीं की है। जिसके चलते गांव में रोष व्याप्त है। नतीजा आज यह निकला कि अवैध शराब के चलते तीन-तीन लोगों की जान चली गई। फिलहाल पुलिस ने उक्त महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

## अव्यवस्था के साथ छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आगाज

**जांजगीर - चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर के हाईस्कूल मैदान में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आगाज भारी अव्यवस्था के बीच हुआ। उद्घाटन समारोह के लिए न तो अतिथि तय थे और न ही शाम को हुए पुरस्कार वितरण के लिए किसी जनप्रतिनिधि को बुलाया गया था। ऐसे में मौक पर जो जनप्रतिनिधि पहुंच गए उसी के हाथों उद्घाटन करा दिया गया। जिला प्रशासन की लापरवाही के कारण जनप्रतिनिधियों ने भी छत्तीसगढ़िया ओलंपिक से दूरी बना ली है। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित सोमवार 4 सितंबर को तीन दिवसीय जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आगाज हुआ। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के शुभारंभ के लिए किसी जनप्रतिनिधि को सम्मान के साथ आमंत्रण नहीं दिया गया। जिसके कारण छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में कोई बड़ा नेता नहीं पहुंचा। पिछले वर्ष इसका आयोजन जिला प्रशासन के द्वारा जोर शोर से किया गया था।

# बेलगाम दौड़ते वाहनों की तरफ से पुलिस बेखबर

**जांजगीर चांपा।** शहर में स्पीड पर लगाम नहीं है। युवा शहर के अंदर व हाइवे में स्पीड में बाइक व कार को दौड़ा रहे। इससे आए दिन हादसे हो रही है। कई लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

साथ ही कई लोगों की असमय मौत भी हो गई है। इसके बावजूद जिम्मेदार मौन है। ओवर स्पीड को कम करने कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। शायद उसको किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार है।

रफ्तार के कारण होने वाले हादसे रूकने का नाम नहीं ले रही है। वहीं पुलिस की ओरसे तेज गति से वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही है। हाइवे से लेकर शहर अंदर में खतरनाक तरीके से दौड़ रहे वाहन रोज ही लोगों की जान ले रहे हैं या लोगों को अस्पताल पहुंचा रहे है। इसमें अधिकांश युवा वर्ग के लोग शामिल है। रविवार को ही शहर के लिंक रोड में चंदनिया पारा निवास राजकुमार चतुर्वेदी रात 8 करीब स्कूटी से घर जा रहे थे। तभी अनियंत्रित व तेज रफ्तार में बाइक सवार आए और



राजकुमार चतुर्वेदी के स्कूटी को ठोकर मार दिया। इससे पैर, सिर व हाथ में गंभीर चोटें आई। जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के उसे बिलासपुर रेफर कर दिया। जहां उनका इलाज चल रहा है। पैर में गंभीर चोटे आई है उसको चलने में भी परेशानी हो रही है। इसी तरह न्यू चंदनिया पारा निवासी मोनू यादव रात करीब 9 बजे घर लौट रहा था। तभी रविदास चौक के पास एक अनियंत्रित कार ने मोनू यादव को ठोकर मार दी। इसके बाद फरार भी हो गया। इधर मोनू यादव के रीढ़ के हड्डी में चोटे आई। वह फोन कर परिजनों को बुलाया, घंटे के बाद उसका इलाज शुरू हो सका। इसी तरह पखवाड़े भर पहले हाइवे में अकलतरा मोड़ के पास तेज रफ्तार बाइक की आपस में भिड़ंत हो गई थी। इससे दो लोगों की मौत हो गई थी। इसी तरह शहर अंदर तेज रफ्तार बाइक से हर रोज छोटे हादसे हो रहे है। फिर भी जिम्मेदार यातायात पुलिस वसूली में व्यस्त है। उसको आम लोगों की समस्या से कोई सरोकार नहीं है।

वाहनों की स्पीड को कम करने के लिए यातायात पुलिस को लाखों रुपए की स्पीड राडार गन मिली है। लेकिन वह केवल आफिस का शोभा बढ़ा रहा है। यातायात पुलिस केवल दो बार ही इसका उपयोग की है। इसके बाद जिले में फिर यह नजर नहीं आया है। सबसे बड़ी बात अधिकांश कार व बाइक को नाबालिग फर्राटे भर रहे हैं। हादसे के बाद फरार हो जाते हैं। उसके बाद दूसरे दिन से फिर से स्पीड में वाहन चलाना शुरू कर देते है।

## मुआवजा के लिए भटक रहे बसंतपुर के प्रभावित

**बिर्रा-चांपा।** बसंतपुर बराज के डूबान क्षेत्र के किसानों को आज तक मुआवजा की राशि नहीं मिलने से किसानों में आक्रोश बढ़ रहा है। जल्द ही मुआवजा नहीं मिलने पर अब भू विस्थापित लोग कोर्ट जाने की मंशा बना रहे हैं। बसंतपुर बराज का निर्माण होने से क्षेत्र के बंसतपुर, देवरहा,देवरानी के किसानों को खुशी थी कि बराज से सिंचाई के लिए पानी मिलेगा तथा वाटर लेवल भी बराबर रहेगा।

दो फसल लगाकर अपनी आय का स्रोत भी बढ़ने की संभावना थी, लेकिन किसानों को इसका नुकसान उठाना पड़ रहा है। डूबान क्षेत्र में आने वाले किसानों को अभी भी मुआवजा नहीं मिला है। जलसंसाधन विभाग के अधिकारियों ने अपनी रिपोर्ट तैयार करके शासन को भेज दी, पर मुआवजा राशि नहीं बांटी गई।

# दो बच्चों की शिक्षा का पूरा खर्च वहन करेगी व्याख्याता प्रशिक्षा सिंह

**जांजगीर चंपा।** जिले की एक शिक्षिका बच्चों को पढ़ाने के साथ-साथ गरीब शिक्षा के मुख्य धारा से जोडने् के अलावा जिंदगी को भी रोशन कर रही है। इस वर्ष दो गरीब बच्चियों को गोद लिया। साथ ही कॉलेज तक जहां भी पढ़ाई करेगी। उसका पढ़ाई का पूरा खर्च भी उठाएगी। इसके साथ ही शिक्षिका सरकारी स्कूल के छात्रों का अन्य सहयोग जहां तक बन सके वो भी कर रही हैं।

हम बात कर रहे है शासकीय हाईस्कूल मुलमुला की व्याख्याता प्रतिक्षा सिंह की। जो बच्चों को पढने् के साथ-साथ उनके संपूर्ण विकास पर ध्यान देती हैं। उनकी मानसिक और आर्थिक स्थिति को समझकर उनकी समस्या का निराकरण करतीं हैं। हर साल अपने जन्मदिन पर अपने विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को कॉपी, पेन, पानी, बोतल, जूते, मोजे, स्वेटर एवं उनकी आवश्यकता की समस्त वस्तुएं स्वयं के वेतन से प्रदान करती है, ताकि कोई भी बच्चा पैसे के अभाव में शिक्षा से वंचित न रह जाए, जो बच्चे बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करते हैं, उन्हें नगद पुरस्कार देकर सम्मानित करतीं हैं। गतिविधियों के माध्यम से शिक्षण कार्य करवातीं हैं। जिससे बच्चों में रुचि बढ़ेगा और वह नियमित विद्यालय आए, शिक्षा में रुचि बढ़ाने के लिए वह छत्तीसगढ़ी बोली का भी शिक्षण में प्रयोग करती हैं, ताकि ग्रामीण बच्चों सहज महसूस कर सकें। पिछले वर्ष शिक्षक दिवस पर मुख्यमंत्री की घोषणा के





तुरंत बाद दूसरे ही दिन इन्होंने अंग्रेजी की कविता को छत्तीसगढ़ी में अनुवाद कर पढ़ाया, जिसकी सराहना स्वयं मुख्यमंत्री एवं समस्त प्रदेशवासियों ने की स्कूल में होने वाली विभिन्न प्रतियोगिता में बच्चों के अच्छे प्रदर्शन पर किया। उन्हें प्रेरित करने के लिए सदैव पुरस्कृत करते रहतीं हैं। इस वर्ष अपने ही स्कूल की दो छात्रा गीता सिदार और सीता सिदार को उन्होंने गोद लिया है और वे दोनों जहां तक पढना् चाहेंगे, कॉलेज की संपूर्ण पढ़ाई का खर्च स्वयं वहन करेगी। छात्रा के माता-पिता मजदूर हैं। प्रत्येक वर्ष में लगभग अपने दो माह का वेतन बच्चों के ऊपर खर्च करती हैं।

प्रतिक्षा सिंह बताती है कि 2020 में अपने स्कूल में पढने् वाले छात्र ईश्वर पटेल के दिल में छेद की जानकारी मिली। उसके पिता की मृत्यु बहुत पहले हो गई थी और मां भिक्षा मांगती थीं। जिसकी जानकारी होने पर उस बच्चे के ऑपरेशन की व्यवस्था की। आज वह बच्चा स्वस्थ है और 12वीं कक्षा उत्तीर्ण कर चुका है। इसके अलावा एक बच्ची को शासकीय हॉर्टिकल्चर कॉलेज से स्नाातक करवाया गया है।

तनावरहित माहौल में रहकर सिखाती है पढना्


व्याख्याता प्रतीक्षा सिंह बच्चों को बाल मनोविज्ञान को समझकर उनसे जुड़कर उनका तनाव रहित माहौल में रहना सिखातीं हैं। बच्चे गरीबी या अन्य पारिवारिक स्थितियों के कारण स्कूल नहीं आते उन्हें स्कूल आने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने कुछ बच्चे जो डिप्रेशन में जा रहे थे, उनको पढ़ाई के प्रति लगाव बढ़ाने का उपाय कर उनकी काउंसलिंग कर उनको बोर्ड परीक्षा में सफलता दिलाई।

कब और कहां से शुरू हुआ सेवाकाल

प्रतिक्षा सिंह बताती है कि सहयोग करने की प्रेरणा मुझे मेरी बेटी से मिली। वह मुझे हमेशा गरीब असहाय लोगों को देखकर उनका सहयोग करने के लिए कहती थी, जब वह छोटी थी तो मेरे साथ स्कूल भी जाती थी, तब कोई बच्चा पैर में चप्पल नहीं पहने हो, कोई ठंड के मौसम में स्वेटर ना पहने हो तो वह कहती थी, मम्मी आपके बच्चों को ठंड नहीं लगती क्या या उनके पास चप्पल नहीं है, आप दे दो ना प्लीज। तब मुझे एहसास हुआ कि बच्चों के लिए कुछ करना चाहिए और तब से हर वर्ष उनका सहयोग करना प्रारंभ कर दिया।

## हलषष्ठी मनायी गई नगर में

**जांजगीर।** खमरछठ (हलषष्ठी) मंगलवार 5 सितंबर को मनाया जा रहा है।



माताएं अपने बच्चों की लंबी उम्र के लिए दिनभर उपवास रखेंगी। फिर शाम को गली-मोहल्लों और मंदिरों में जुटेंगी और कमरछठ माता की कथा पढ़ी/सुनाई जाएगी। खमरछठ के लिए पसहर चावल, भैंस के दूध, दही और घी का बहुत महत्व होता है। इस साल पसरहर चावल 120 रुपए किलो, दूध 50 रुपए लीटर, दही 80 रुपए किलो और भैंस का घी 60 रुपए में 50 ग्राम मिला।

महिलाओं द्वारा खमरछठ पूजा के लिए पसहर, कासी, खम्हार, दोना-पत्तल, दातून, महुआ, लाई, भाजी समेत दूसरे अन्य जरूरी व्यवस्था कर ली गई है। साथ ही इसमें कांसी के फूल और बेर, पलाश, गूलर आदि पेड़ों की टहनियों का इस्तेमाल होगा। मंगलवार को ग्रामीण इलाकों से लेकर शहर तक सुबह से घर या गली-मोहल्लों या सार्वजनिक जगहों पर बनाई सगरी बनाई जाएगी। महिलाएं दोपहर-शाम तक सुविधा के अनुसार सामूहिक पूजा में शामिल हटेंगी या अपने-अपने घरों में पूजा करेंगी। पहले छठ मइया की कथा होगी, फिर महिलाएं सगरी में जल भरेंगी। इसके बाद बच्चों को पोता मारने की परंपरा निभाई जाएगी। पोता मारने को मां का रक्षा कवच माना जाता है। मान्यता है कि आज यानी भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की षष्ठी को भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलरामजी का जन्म हुआ था। हल षष्ठी को खमरछठ, कमरछठ, हलछठ या चंदनछठ भी कहा जाता है।

# भारत सरकार की परियोजना से सामान की चोरी, दो आरोपी पकड़ाए





**जांजगीर।** भारत माला प्रोजेक्ट में चल रहे कार्यों के पाइप को चुराने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस करीब 5 मिट्रिक टन लोहे की पाइप व चोरी में प्रयुक्त वाहन को जब्त किया है। जब्त सामान की कीमत पुलिस द्वारा 10 लाख रुपए बताई गई है।

बलौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोरबी बलौदा में भारतमाला प्रोजेक्ट का काम चल रहा है। इस स्थान से 29 अगस्त की रात हाइवे किनारे रखे लगभग 5 मिट्रिक टन लोहे के पाइप को कोई चुरा ले गया था। इसकी शिकायत जीआर इंफ्रा लिमिटेड के नीरज सिंह ने थाना में की थी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का अपराध दर्ज किया था। 3 सितंबर को पुलिस से मुखबीर से सूचना मिल कि चारपारा- बलौदा के निर्माणाधीन भारत माला प्रोजेक्ट के पास कुछ व्यक्ति संदिग्ध रूप से घूम रहे हैं।

पुलिस ने ओमप्रकाश साहू उम्र 26 वर्ष निवासी झलमला, कादिर खान उम्र 42 वर्ष सा. झलमला, दुजराम कैवर्त्य निवासी मचखंडा थाना सीपत को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इन तीनों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि 29 अगस्त की रात गैस कटर से काटकर 28 नग लोहे के टुकड़े इन तीनों ने चुराए थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर आरोपियों से लोहे के पाइप और चोरी में प्रयुक्त स्वराज माजदा वाहन क्रमांक सीजी-10 डब्ल्यू 3319 को जब्त किया। आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

# ज्योति किशन कश्यप ने की जांजगीर चांपा विधानसभा से टिकट की दावेदारी

## महिला एवं युवा प्रत्याशी का मिल सकता है चुनाव में लाभ

**जांजगीर-चांपा।** विधानसभा क्षेत्र जांजगीर चांपा में कांग्रेस पार्टी के टिकट से चुनाव लड़ने की चाहत रखने वाले अनेक चेहरों ने जहां दावेदारी का टिकट मांगी है वही कृषक परिवार की बेटी पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं राज्य खाद्य आयोग की सदस्य श्रीमती ज्योति किशन कश्यप ने भी कांग्रेस पार्टी से टिकट की मांग की है । जिन्होंने कहा है कि अगर कांग्रेस पार्टी उन्हे टिकट देती है तो निश्चित तौर पर कांग्रेस पार्टी को जीत हासिल होगी । श्रीमती ज्योति किशन कश्यप मूलतः जांजगीर चांपा विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र की शिक्षित महिला नेता है जो इसके पूर्व जिला पंचायत सदस्य के रूप में निर्वाचित होकर क्षेत्र की सेवा करते रही हैं और तब से आज तक इस मार्ग पर सतत कार्य करते चली आ रही है। श्रीमती ज्योति किशन कश्यप ने जिस दिन से राजनीति के क्षेत्र में कदम रखी है तब से अपनी सेवा भाव कार्यों से हमेशा जनता का दिल जीतने में सफल रही है वही इस विधानसभा में एक सशक्त महिला नेत्री के रूप में अपनी पहचान बनाई है। इस विधानसभा से इकलौता महिला नाम है जिन्होंने कांग्रेस पार्टी से टिकट मांगी है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि इस बार युवा, महिला वर्ग को विधानसभा चुनाव में विशेष प्राथमिकता दिया जाएगा । इस वक्तव्य के आते ही प्रदेश में कांग्रेस के भीतर महिला एवं युवा वर्ग का भरोसा बड़ा है



जांजगीर चांपा विधानसभा में देखा जाए तो ज्योति किशन कश्यप महिला दावेदार होने के साथ-साथ युवा भी है। जो इस विधानसभा की इकलौती महिला कांग्रेस नेता है जिन्होंने कांग्रेस में रहकर सक्रियता के साथ पार्टी के समस्त गतिविधियों में शामिल होते रही है।

विदित हो कि जांजगीर चांपा विधानसभा कुर्मी बाहुल्य मतदाताओं का गढ़ है जहां 60 हजार कुर्मी मतदाता हैं। इस विधानसभा में जहां प्रथम संख्या पर कुर्मी समाज का वोट हैं तो दूसरी संख्या पर अनुसूचित जाति का तथा तीसरी संख्या पर साहू समाज का वोट बैंक है इसलिए कुर्मी समाज के व्यक्ति को टिकट देने का लाभ अधिक मिल सकता है।

यहां यह बताना आवश्यक है कि जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र के पूरे आठ विधानसभा में कांग्रेस पार्टी ने किसी भी महिला को पिछले चुनाव में भी टिकट नहीं दी, इसलिए इस चुनाव में महिला प्रत्याशी जांजगीर चांपा से बनाए जाने की मांग प्रबल हो गई है अगर कुर्मी समाज से महिला ज्योति कृष्ण कश्यप को टिकट दिया जाता है तो न केवल जांजगीर चांपा विधानसभा में बल्कि पूरे लोकसभा में कुर्मी समाज के वोटो का ध्रुवीकरण कांग्रेस के पक्ष में हो सकता है।

कुर्मी समाज के वोटो की बात करें तो जांजगीर चांपा विधानसभा में 60हजार,पामगढ़ विधानसभा में 45 हजार,अकलतरा विधानसभा में 30हजार मतदाता कुर्मी समाज से हैं वहीं लोकसभा की बात करें तो 2 लाख 60हजार मतदाता कुर्मी समाज के हैं अगर इस विधानसभा से महिलाओं को प्राथमिकता देने के साथ-साथ युवा प्रत्याशी युवा दावेदार ज्योति किशन कश्यप को कांग्रेस पार्टी टिकट देती है तो इस विधानसभा के साथ-साथ अन्य विधानसभा में भी कांग्रेस पार्टी को कुर्मी समाज का समर्थन प्राप्त हो सकता है जहां चुनाव जीतने के लिए यह समाज महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता। इस विधानसभा की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यहां बड़े-बड़े धुरंधर नेता कांग्रेस पार्टी से टिकट मांग रहे हैं ऐसी स्थिति में महिला, युवा देवदार ज्योति किशन कश्यप को टिकट देकर कांग्रेस में उपजे विवाद को खत्म किया जा सकता है। बहरहाल कांग्रेस नेत्री ज्योति किशन कश्यप के नाम पर कांग्रेस पार्टी को गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है ताकि जांजगीर चांपा विधानसभा से कांग्रेस पार्टी से विधायक बनाई जा सके।

## अनमोल वचन

**अगर आप जिंदगी में कुछ हासिल करना, चाहते हो तो मेहनत से दोस्ती कर लो !**

## तो मिसाल पेश कीजिए!

राष्ट्रपति का पद दलगत राजनीति से ऊपर माना जाता है। अवकाशप्राप्त राष्ट्रपति का भी सार्वजनिक जीवन में एक सम्मानित स्थान होता है। उन्हें एक ऐसी समिति से जोड़ना, जिसकी सिफारिशें विवादास्पद भी हो सकती हैं, इस पद के लिए अपमानजनक माना जाएगा। वन नेशन- वन इलेक्शन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुराना नारा रहा है। इसके पीछे उनकी जो सोच है, उसको लेकर बेशक कई सवाल उठाए जा सकते हैं। लेकिन अगर उन प्रश्नों को फिलहाल छोड़ दें कर हम उनकी सरकार की ताजा पहल के औचित्य पर बात करते हैं। यह सुनकर हैरत हुई एक साथ लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव की संभाव्यता का पता लगाने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में समिति बनाई गई है। इसके पहले ऐसा कभी नहीं सुना गया कि अवकाशप्राप्त राष्ट्रपति को किसी सरकार ने ऐसी समिति से जोड़ा हो, जो अंततः उसके प्रति उत्तरदायी होगी। राष्ट्रपति का पद दलगत राजनीति से ऊपर माना जाता है और अवकाशप्राप्त राष्ट्रपति का भी सार्वजनिक जीवन में एक सम्मानित स्थान होता है। उन्हें एक ऐसी समिति से जोड़ना, जिसकी सिफारिशें विवादास्पद भी हो सकती हैं, न सिर्फ उस व्यक्ति बल्कि इस पद के लिए भी अपमानजनक माना जाएगा। बहरहाल, सरकार यह चाहती है कि सारे चुनाव एक साथ हों। फिलहाल, जितना समय लोकसभा चुनाव में बचा है, उसे देखते हुए यह व्यावहारिक नहीं लगता। लेकिन इस सोच को अधिकतम संभव बनाने के लिए भाजपा एक काम कर सकती है। वह अपनी तमाम राज्य सरकारों को निर्देश दे सकती है कि वे तुरंत विधानसभाएं भंग करवा लें। उससे अधिकांश राज्यों में लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा चुनाव होने का रास्ता भी साफ हो जाएगा। जब एक बार यह हो जाएगा, तो धीरे-धीरे अगले चुनाव कार्यक्रमों को इस तरह ढाला जा सकता है, जिससे पांच साल में प्रधानमंत्री का यह नारा विपक्षी सरकारों से बिना जोर-जबरदस्ती किए एक हकीकत बन जाएगा। हालांकि उसके बाद भी यह सवाल बना रहेगा कि अगर फिर बीच में कोई सरकार गिरी और वहां नई सरकार बनना संभव नहीं हुआ तो क्या होगा। या अगर कभी लोकसभा के ही मध्यावधि चुनाव की नौबत आ गई, तो उस हाल में क्या सिद्धांत अपनाया जाएगा। मगर ये भविष्य के प्रश्न हैं। फिलहाल, भाजपा अपने शासन वाले राज्यों में तुरंत चुनाव करवा कर एक मिसाल जरूर कायम कर सकती है। उसके ऐसे कदम से प्रधानमंत्री के नारे की नैतिक और राजनीतिक साख भी मजबूत होगी।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। ऑफिस के काम में आज आपके सामने कई चुनौतियां भी आएगी लेकिन आप उसे अपनी बुद्धिमत्ता से हल कर लेंगे। समाज में आपके अच्छे काम से आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी।

**वृष राशिः**आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। प्रॉपर्टी खरीदने का विचार बना रहे लोग आज किसी प्रॉपर्टी डीलर्स से बातचीत करेंगे। आपको बिजनेस के सिलसिले से राज्य से बाहर जाना पड़ सकता है। इंजीनियरिंग पूरा कर चुके छात्रों का प्लेसमेंट किसी अच्छी कंपनी में होगा।

**मिथुन राशिः**आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपके सामने लाभ के कुछ नए अवसर आएंगे,जिन्हें आपको चूकना नहीं है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। आपके कठिन परिश्रम का लाभ मिलने से मन में खुशी का भाव बना रहेगा। धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता के मार्ग खुलेंगे। आप अपने लक्ष्य से भटक भी सकते हैं, किन्तु अपनों का साथ आपको सही दिशा में ले जाएगा।

**कर्क राशिः**आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आपके घर में कोई मेहमान आ सकते हैं, जिससे घर में खुशियां ही खुशियां होगी। समाज के लोग आपके अच्छे व्यवहार से खुश होंगे, आपकी तारीफ भी करेंगे। काम अधिक होने के कारण मेहनत अधिक करनी पड़ सकती है,आपका पेशेंस आपको सफलता दिलाएगा।

**सिंह राशिः**आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। परिवार में चल रही अनबन आज सुलझ जाएगी। तालमेल अच्छा बना रहेगा। समाज में आपकी पहचान नए लोगों से होगी जो भविष्य में आपके किसी काम आएंगे। ऑफिस में आज किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिलेगा, जिससे उत्साह बढ़ेगा।

**कन्या राशिः**आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। छात्रों का मन पढ़ाई में लगा रहेगा। आप जिस काम में काफी दिनों से व्यस्त थे वो काम आज पूरा हो जाएगा, आप काम करने के नए टारगेट बनाएंगे। ऑफिस में आपका काम देखकर जूनियर आपसे बहुत कुछ सीखेंगे। आपको इसका सकारात्मक परिणाम भी हासिल होगा। प

**तुला राशिः**आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। किसी काम के लिए आपकी कोशिश सफल होंगी। संतान पक्ष से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। छात्रों को पढ़ाई या करियर से जुड़ी समस्याओं का समाधान मिलेगा, अपनी मेहनत जारी रखें, आपकी सफलता के अच्छे योग हैं।

**वृश्चिक राशिः**आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। काम को लेकर किसी तरह का डर मन में न रखें। ऑफिस में किसी से बेवजह उलझने से बचें। कोई आपकी बैक बाईटिंग कर सकता है। आपको थोड़ी थकावट महसूस हो सकती है, लेकिन जल्द ही रिलेक्स भी हो जाएंगे।

**धनु राशिः**आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। इस राशि के लोग आज किसी बड़ी योजना को शुरू कर सकते हैं, जिसका फायदा उन्हें आगे चलकर जरूर मिलेगा। किसी करीबी रिश्तेदार से अचानक मुलाकात हो सकती है।

**मकर राशिः**आज का दिन आपके लिए बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। आप जो भी चाहेंगे वो सारे काम आपके मन-मुताबिक पूरे होंगे। नौकरीपेशा लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। कोई भी बड़ा कार्य करने से पहले अपने बड़ों की राय लेना न भूलें, इससे आपको आगे बढ़ने में आसानी होगी। आपका कोई रुका काम पूरा हो जाएगा। छात्रों का कॉन्फिडेंस बढ़ा रहेगा, किसी नए टॉपिक की शुरुआत होगी।

**कुंभ राशिः**आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। राजनीति के क्षेत्र में आपकी छवि मजबूत बनेगी,ज्यादा लोगों से आप जुड़ेंगे। सहयोगियों से हर संभव मदद मिलती रहेगी। लवमेट्स के दिन खास रहेगा, आज मनपसंद उपहार मिलेगा। डायबिटीज की समस्या से आज कुछ हद तक आराम मिलेगा।

**मीन राशिः**आज का दिन आपके लिए खुशियां भरा रहने वाला है। ट्रांसपोर्ट के व्यापारी आज किसी बुकिंग से अच्छा लाभ कमाएंगे। आपके आसपास कोई धार्मिक कार्यक्रम होगा, जिसमें आपका परिवार शामिल होगा। परिवारजन आपसी सामजस्य द्वारा घर की किसी समस्या का समाधान निकालने में सफल होंगे।

# विशेष सत्र क्या चुनावी इवेंट

//हरिशंकर व्यास//

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की भाजपा का अर्थ हैं इवेंट क्रिएट पार्टी। सूखे तालाब की भी भरेपूरे बांध की झांकी बना डालना। हर मौके, बड़ी घटना को इवेंट में बदल देने का नाम भाजपा। प्रधानमंत्री विदेश जाते हैं तो उसे इवेंट बनाया जाता है। एयरपोर्ट के बाहर प्रवासी भारतीयों से नारे लगवाए जाते हैं। प्रधानमंत्री विदेश से लौटते हैं तो हवाईअड्डे पर हजारों लोगों को लेकर जेपी नड्डा इवेंट क्रिएट करते हैं। चंद्रयान-दो पूरी तरह से सफल नहीं हुआ तब भी इसरो के वैज्ञानिकों के आंसू पोंछने का इवेंट हुआ तो चंद्रयान-तीन की सफलता पर खुशी के आंसू बहाने का इवेंट हुआ। तभी जी-20 की बैठक महा इवेंट है। इसलिए इसकी शान में लगता है कि 18 से 22 सितंबर का विशेष सत्र भी एक इवेंट होगा । इसके आगे भी एक के बाद एक इवेंट। ताकि लोकसभा चुनाव तक लगातार इवेंट्स को देख जनता गद्गद भाव सोचे कि नरेंद्र मोदी के अलावा दूसरा है कौन।**

यह संभवतः पहली बार है कि संसद के विशेष सत्र को बुलाने की घोषणा हुई लेकिन एजेंडा नहीं बताया गया। पहले भी संसद के विशेष सत्र होते रहे हैं। भारत छोड़ो आंदोलन के 50 साल पूरे होने पर, संविधान के 70 साल होने पर या जीएसटी लागू करने पर विशेष सत्र बुलाया गया था। लेकिन तब सबको विशेष सत्र का एजेंडा पहले से पता था। इस बार संसदीय कार्य मंत्री ने सिर्फ इतना कहा है कि पांच दिन का विशेष सत्र होगा और अमृतकाल में सार्थक चर्चा की उम्मीद है। अमृतकाल में सार्थक चर्चा का क्या मतलब निकाला जाए? अभी 11 अगस्त को संसद का मानसून सत्र खत्म हुआ। पर उसमें तो कोई सार्थक चर्चा नहीं हुई! मणिपुर जैसे ज्वलंत मुद्दे पर प्रधानमंत्री का बयान कराने के लिए विपक्ष को अविश्वास प्रस्ताव लाना पड़ा था। मतलब मानसून सत्र की 17 बैठकों में जब सार्थक चर्चा नहीं हुई तो पांच बैठकों में क्या सार्थक करना है? सार्थक चर्चा के नाम पर बुलाई गई विशेष बैठक को लेकर सबके अपने अपने अनुमान हैं। लेकिन सबसे सटीक अनुमान यही है कि सरकार को इवेंट क्रिएट करना है। प्रधानमंत्री ने लाल किले से 2047 तक विकसित भारत और उसके बाद एक हजार साल के भव्य भारत की घोषणा की हुई है। सो भव्य भारत पर चर्चा कराई जा सकती है। इसका एक मकसद घरेलू और वैश्विक उपलब्धियों का डंका बजाना है। जी-20 की सफलता और चंद्रयान-तीन की सफलता को लेकर प्रधानमंत्री की जय-जयकार करनी है। उनको विश्वगुरू, विश्वमित्र या विश्वपिता की उपाधि से सम्मानित करना है। चूंकि नवंबर में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं इसलिए उससे पहले ऐसा इवेंट करना है, जिसकी गूंज इन पांचों राज्यों में सुनाई दे। ध्यान रहे नवंबर के अंत तक इन राज्यों के चुनाव चलेंगे इसलिए संभव है कि संसद का शीतकालीन सत्र देरी से हो। पिछले साल भी गुजरात और हिमाचल प्रदेश के चुनाव की वजह से संसद का शीतकालीन सत्र सात दिसंबर को शुरू हुआ था। इस साल तो पांच राज्यों के चुनाव हो रहे हैं इसलिए शीतकालीन सत्र में देरी स्वाभाविक होगी। उससे पहले विशेष सत्र बुला कर उपलब्धियों का गौरवगान एक चुनावी रणनीति हो सकती है। चूंकि सरकार ने एजेंडा नहीं बताया है इसलिए अटकले है। अगर अटकलों की बात करें तो कोई बड़ा विधायी काम हो सकता है। सरकार कोई ऐसा बिल ला सकती है, जो पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव और अगले साल के लोकसभा चुनाव के लिए मास्टरस्ट्रोक की तरह हो। मिसाल के तौर पर महिला आरक्षण विधेयक हो सकता है। पिछले कुछ समय से सारे फैसले महिलाओं को लेकर किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने इसरो में महिला शक्ति को नमन किया तो रक्षाबंधन के मौके पर बहनों को तोहफा देने के लिए रसोई गैस सिलिंडर पर दो सौ रुपए की कमी की गई। मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान लाड़ली बहन योजना चला रहे हैं तो पिछले दिनों कर्नाटक में कांग्रेस ने गृह लक्ष्मी योजना शुरू की। संसद का विशेष सत्र ऐसे समय में हो रहा है, जब देश के बड़े हिस्से में गौरी-गणेश की पूजा होती है। सो, महिला बिल एक दांव हो सकता है। कांग्रेस ने इस बिल को लोकसभा में पास कराया था। राज्यसभा में वह अटका। सरकार ने सदन में इसे पास कराया तो स्वभाविक को कांग्रेस को समर्थन करना होगा जबकि महिला आरक्षण विरोधी मंडलवादी याकि लालू, नीतिश, अखिलेश जैसी पार्टियां विरोध करेगी। जाहिर है सरकार को महिला आरक्षण से इंडिया एलायंस में फूट पडने का विश्वास होगा तो महिलाओं की अखिल भारतीय वाहवाही मोदी के खाते में। दूसरी अटकल देश की संसदीय प्रणाली को बदल कर अध्यक्षीय प्रणाली बनाए जाने का बिल लाने की हैं। लेकिन यह भी पुरानी अटकल है।इसके अलावा आरक्षण या आरक्षण के भीतर आरक्षण का दांव भी चला जा सकता है। नरेंद्र मोदी सरकार ने जस्टिस रोहिणी आयोग का गठन किया था, जिसने छह साल के बाद अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी। इस रिपोर्ट के आधार पर अत्यंत पिछड़ी जातियों के लिए अतिरिक्त आरक्षण की घोषणा हो सकती है। बिहार से शुरू हुई जातीय जनगणना और आरक्षण की राजनीति को पंक्चर करने के लिए यह दांव चला जा सकता है। समान नागरिक संहिता की चर्चा अचानक थम गई थी लेकिन जिस तरह से सरकार ने जम्मू कश्मीर या नागरिक संहिता का कानून लाकर पास कराया वैसे ही समान कानून का बिल आ सकता है। एक देश, एक चुनाव के बिल की अटकल भी है लेकिन वह व्यावहारिक कारणों से संभव नहीं है। विपक्षी पार्टियां सरकार भंग करने को राजी नहीं होंगी, उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में पिछले ही साल सरकार बनी है, वहां भी विधानसभा भंग करके फिर चुनाव में जाने की संभावना नहीं है। चुनाव आयोग को भी इसके लिए बहुत समय और बहुत ज्यादा संसाधन की जरूरत पड़ेगी। अगर लोकसभा चुनाव टले, इंदिरा गांधी की तरह नरेंद्र मोदी भी लोकसभा का कार्यकाल छह साल का कर दें तभी यह संभव हो सकता है।विशेष सत्र को समापन सत्र बनाने और समय से पहले लोकसभा का चुनाव कराने की संभावना कतई नहीं है। कहा जा रहा है कि प्रधानमंत्री के प्रति बहुत सकारात्मक माहौल है और रेटिंग हाई है इसलिए समय से पहले चुनाव कराया जा सकता है। लेकिन असल में हाई रेटिंग की वजह से ही प्रधानमंत्री और भाजपा विपक्ष से कोई खतरा नहीं मान रहे हैं इसलिए चुनाव समय से होंगे। पांच राज्यों के साथ लोकसभा का चुनाव कराने की अटकल दूर की कौड़ी है। एक संभावना यह जताई जा रही है कि गणेश उत्सव के समय संसद के नए भवन में प्रवेश का इवेंट भी क्रिएट किया जा सकता है।

# बांग्लादेश कही पटरी से नीचे न उतर जाए!

//श्रुति व्यास//

**जहाँ तक हालिया वर्षों में हुई आर्थिक तरक्की का सवाल है, बांग्लादेश की कोई सानी नहीं है। हालिया विकास यात्रा अद्भुत और बेहतरीन है। सन् 1971 में तीसरे भारत-पाकिस्तान युद्ध से जन्में बांग्लादेश को हैनरी किसिंजर ने द बास्केट केस (एकदम घटिया) बताया था। बांग्लादेश के बारे में तब माना गया कि वह एक नाकाम मुल्क बनकर रह जाएगा। मगर इस धारणा को झुठलाते हुए बांग्लादेश ने एक धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र, कम संसाधनों के साथ सामाजिक विकास के मॉडल और दक्षिण एशिया का सबसे तेज आर्थिक विकास दर वाला देश बनकर दिखाया है।**

इस शानदार सफ़र का श्रेय देश की लौह महिला मानी जाने वाली शेख हसीना को है। उनके दो दशकों के राज में 17 करोड़ की आबादी वाले इस देश ने 7 प्रतिशत प्रति वर्ष की जीडीपी वृद्धि दर के साथ गरीबी हटाने की दिशा में देखने लायक प्रगति की। पचहत्तर साल की शेख हसीना के नेतृत्व में उनकी आवामी लीग पार्टी ने लगातार तीन चुनाव जीते है। उन्हें पूरा भरोसा है कि 2024 के शुरू में होने वाले अगले चुनाव में भी उनकी जीत होगी।

लेकिन बांग्लादेश की जनता का मूड कुछ और ही इशारा कर रहा है। पर्दे के पीछे शेख हसीना राजनैतिक जमावट का ऐसा अभियान चला रही हैं जिसका लक्ष्य विपक्षी नेताओं, विश्लेषकों और कार्यकर्ताओं के अनुसार, आने वाले चुनाव में इस दक्षिण एशियाई गणतंत्र का एक पार्टी वाले देश में कनवर्ट होना है। अपने 14 साल के कार्यकाल में हसीना ने अपने वफादारों को नियुक्त करके देश की प्रमुख संस्थाओं जैसे पुलिस, सेना और अदालतों पर अपना कंट्रोल स्थापित कर लिया है। मैसेज एकदम साफ़ है- जो उनका विरोध करेगा उसके नतीजे अच्छे नहीं होंगे। ऐसा लगता है कि शेख हसीना को उनका विरोध करने वाले और उनसे बेहतर नजर आने वाले बर्दाश्त नहीं होते। इसलिए विभिन्न संस्थाओं में हस्तक्षेप कर उन्हें इस प्रकार चलाया जा रहा है कि असहमति को कुचल दिया जाए। उन्होंने अपने राजनैतिक विरोधियों के खिलाफ बदले की कार्यवाही की है। वे किसी को भी नहीं बख्शतीं। यहां तक कि 2006 के नोबेल पुरस्कार विजेता मोहमम्द यूनुस को भी नहीं, जिनके ज़मीनी स्तर पर विकास कार्यों से देश मज़बूत बना और आर्थिक, सामाजिक व स्वास्थ्य के क्षेत्रों में उसकी स्थिति बेहतर हुई। हसीना अपने चुनावी भाषणों में यूनुस पर तीखे हमले कर रही हैं। उन्होंने युनुस को भ्रष्ट, गरीबों का खून चूसने वाला और राष्ट्र-विरोधी बताया है। कहा है कि वे बंगाल की खाड़ी पर अमेरिका का नियंत्रण स्थापित करने में मदद कर रहे हैं।

इस बीच विपक्षी बीएनपी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ङ्क के 800 से अधिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया गया है। विपक्षी दल का दावा है कि सन् 2009 से लेकर अब तक उसके नेताओं और समर्थकों के खिलाफ 40 लाख से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। लगभग प्रतिदिन विपक्षी दलों के नेताओं, सदस्यों और समर्थकों को अदालतों में हाजिरी लगानी होती है। उन्हें अस्पष्ट आरोपों और झूठे सबूतों का सामना करना पड़ता है। ह्यूमन राईट्स वॉच ने इसे विपक्ष पर 'सुनियोजित हमला' बताया है। बीएनपी की एक रैली में उसके कार्यकर्ताओं को आंसू गैस और रबर की गोलियों का सामना करना पड़ा। शेख हसीना सत्ता पर अपना हक समझती हैं। उनका अरमान मरते दम तक गद्दी पर काबिज़ रहने का है। उनके पिता शेख मुजीबुर रहमान, जो बांग्लादेश के पहले प्रधानमंत्री थे, अपने प्रायः सभी नजदीकी रिश्तेदारों के साथ सन् 1975 में हुए सैन्य तख्तापलट में मारे गए थे। एक साक्षात्कार में जब हसीना से न्यायपालिका के जरिए विपक्ष को प्रताड़ित किए जाने के आरोपों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वे जो कर रही हैं वह राजनीतिक नहीं है । यह कहते हुए उन्होंने अपने सहायक को भेजकर एक फोटो एलबम बुलवाया। इस एलबम में आगजनी, बम विस्फोटों और अन्य हिंसक घटनाओं में मारे गए लोगों की क्षत-विक्षत लाशों की भयावह तस्वीरें थीं। इन तस्वीरों की तरफ इशारा करते हुए उन्होंने उन्हें बीएनपी की निर्दयता का नमूना बताया। उन्होंने कहा, उनके (बीएनपी) साथ जो हो रहा है वह उनके पापों का नतीजा है। शुरुआत उन्होंने की है।उन्होंने दावा किया कि जब बीएनपी सत्ता में थी तब उसने उनकी पार्टी के साथ ऐसा ही सलूक किया था। उसके हजारों समर्थकों की हत्या की और उन्हें जेलों में ठूंसा।

बांग्लादेश में दो महिलाओं का टकराव जारी है -शेख हसीना और बीएनपी की नेता 77 वर्षीय खालिदा जिया जो देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री हैं। दोनों महिलाओं ने अपने नजदीकी लोगों को तख्तापलट और हत्याकांडों में खोया, और तबसे सत्ता हासिल करने की इन दोनों की लड़ाई के इर्दगिर्द ही बांग्लादेश का लोकतंत्र सिमट गया है। शेख हसीना का दावा है कि जिया के राज की वजह से ही देश में सैन्य तानाशाही आई, वहीं बीएनपी के नेताओं का कहना है कि उन्होंने ही देश में बहुदलीय लोकतंत्र को फिर से स्थापित किया जबकि हसीना के पिता ने देश में एक दलीय प्रणाली लागू करने की घोषणा कर दी थी। इस सारी तू-तू मैं-मैं और जैसे को तैसा के बीच राजनैतिक उथल-पुथल के कारण बांग्लादेश की विकास यात्रा में रूकावट आ रही है। महामारी और यूक्रेन-रूस युद्ध के कारण टेक्सटाइल उद्योग और विदेशों में काम कर रहे बांग्लादेशियां द्वारा भेजे जाने वाले पैसे पर काफी हद तक निर्भर बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था डावांडोल है। ईंधन और खाद्यान्न के आयात पर होने वाला खर्च बढ़ता जा रहा है। देश में विदेशी मुद्रा की कमी होती जा रही है, जिसके चलते इस साल जनवरी में बांग्लादेश को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से 4.7 अरब डालर का क़र्ज़ लेना पड़ा। यदि शेख हसीना स्वतंत्र चुनाव होने देती हैं तो भी शायद वे जीत जाएं क्योंकि विपक्ष बहुत कमजोर हो गया है। लेकिन वे यह खतरा मोल नहीं लेंगीं क्योंकि उन्हें नहीं लगता कि मनमानी करने में कोई समस्या है। जहां तक पश्चिमी देशों और अन्यों का सवाल है, उनमें से अधिकांश उनके दमनकारी रवैये पर चुप्पी साधे हुए हैं। इसका एक कारण तो यह है की चीन उन्हें साधने की जुगत में है। लेकिन यदि मोहम्मद युनुस जिन्हें पश्चिम संत का दर्जा देता है को गिरफ्तार किया जाता है तो पूरी दुनिया में उनकी थू-थू होना तय है। फिलहाल बांग्लादेश का लोकतंत्र छिन्न-भिन्न है। वह तेजी से आगे बढ़ रहा था। मगर अब उसकी दिशा पलट गई है और वह किसिंजर की भविष्यवाणी के अनुसार 'बास्केट केस' बनने की ओर अग्रसर है।

# सीटों का तालमेल हर जगह नहीं होगा!

विपक्षी पार्टियों के गठबंधन 'इंडिया' के नेताओं ने मुंबई की बैठक में सीट बंटवारे पर चर्चा की। पहले दिन यानी 31 अगस्त को हुई अनौपचारिक बैठक में भी इस बारे में बातचीत हुई और एक सितंबर की औपचारिक बैठक में भी इस पर चर्चा हुई। चर्चा के बावजूद इस पर कोई फैसला नहीं हुआ क्योंकि कई राज्यों का मामला उलझा हुआ है। तभी बैठक के बाद जो प्रस्ताव मंजूर हुआ और जिसे मीडिया के सामने रखा गया उसमें कहा गया कि विपक्षी पार्टियां 'जहां तक संभव होगा वहां गठबंधन करेंगी'। इसका मतलब है कि कुछ जगहों पर सीटों का तालमेल नहीं भी हो सकता है। गठबंधन रहेगा, पार्टियां 'इंडिया' में बनी रहेंगी लेकिन चुनाव में सीटों का तालमेल करने की बजाय सीधा या दोस्ताना मुकाबला भी करेंगी।ऐसा जिन राज्यों में होगा उनमें सबसे अहम राज्य केरल है। कांग्रेस और लेफ्ट के बीच परफेक्ट तालमेल है। सीताराम येचुरी और डी राजा दोनों गठबंधन के साथ हैं। लेकिन केरल में दोनों के बीच तालमेल नहीं होगा। ध्यान रहे केरल की 20 में से 19 सीटें कांग्रेस के गठबंधन वाले यूडीएफ के पास हैं। सीपीएम के नेतृत्व वाले एलडीएफ को सिर्फ एक सीट मिली है। सो, अगर दोनों के बीच गठबंधन होता है तो कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों को अपनी जीती हुई नौ सीटें सत्तारूढ़ लेफ्ट गठबंधन के लिए छोड़नी होगी। दोनों गठबंधन इतने मजबूत हैं की वे इसके लिए तैयार नहीं होंगे। दूसरे, अगर दोनों एक हो जाते हैं तो मुख्य विपक्षी भाजपा होगी, जो अभी हाशिए की पार्टी है, लेकिन कांग्रेस-लेफ्ट के तालमेल के बाद बड़ी ताकत बन सकती है।ऐसे ही पश्चिम बंगाल में भी तालमेल मुश्किल है। वहां लेफ्ट पार्टियां ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के साथ नहीं जाना चाहती हैं। उनके पास वोट आधार नहीं है लेकिन फिर भी नेताओं को लगता है कि जब भी ममता बनर्जी की पार्टी कमजोर होगी और भाजपा जिस तरह से मजबूत हो रही है उसमें आगे लेफ्ट के लिए मौका बन सकता है। दूसरे, एक रणनीतिक स्थिति यह है कि अगर त्रिकोणात्मक मुकाबला नहीं होता है तो हिंदू वोटों के ध्रुवीकरण से भाजपा को फायदा हो सकता है। सो, कांग्रेस और लेफ्ट मिल कर मुकाबले को त्रिकोणात्मक बना सकते हैं ताकि भाजपा को रोका जा सके।

## तस्वीरों की दुनिया



पिछले सप्ताह हापुड जिले में अधिवक्ताओं पर कथित पुलिस लाठीचार्ज के खिलाफ प्रयागराज में विरोध प्रदर्शन के दौरान इलाहाबाद उच्च न्यायालय के वकीलों ने नारेबाजी की।



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का जयपुर आगमन पर राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने स्वागत किया।




बेंगलुरु में बेंगलुरु टेक समिट के दौरान कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और अन्य।



शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर कोलकाता के करुणामयी में शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।



भोपाल में पार्टी बैठक के दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमल नाथ कांग्रेस प्रदेश प्रभारी रणदीप सुरजेवाला के साथ।



बाराबंकी जिले के फ़तेहपुर इलाके में एक तीन मंजिला इमारत गिरने के बाद बचाव अभियान जारी है। पुलिस के अनुसार दुर्घटना में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए।



राजघाट के पास महात्मा गांधी की प्रतिमा के अनावरण और गांधी वाटिका के उद्घाटन के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना के साथ गांधी स्मृति के उपाध्यक्ष विजय गोयल ।

# जी-20 घोषणा पत्र के मसौदे पर भी चीन लगा रहा अड़ंगा आम सहमति बनाने में कठिनाइयों का सामना कर रहे शेरपा



**नईदिल्ली, 05 सितम्बर [एजेंसी]।**

जी-20 शिखर सम्मेलन के केवल चार दिन शेष रह गए हैं। इस बीच सदस्य देशों के शेरपाओं (शीर्ष वार्ताकार) ने सोमवार को इस सम्मेलन के लिए नेताओं के घोषणा पत्र के मसौदे को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर आम सहमति बनाने के लिए व्यापक बातचीत की।अधिकारियों ने बताया कि जी-20 शेरपाओं ने मुख्य रूप से डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के लिए वैश्विक स्तर पर स्वीकार्य शासन की रूपरेखा बनाने, महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को सुनिश्चित करने के कदम उठाने, जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए वित्तपोषण और बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) को मजबूत करने के तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया। शेरपाओं की तीन दिवसीय बैठक हरियाणा के नूंह जिले में आइटीसी ग्रैंड भारत होटल में हो रही है। बैठक की अध्यक्षता भारत के जी-20 शेरपा अमिताभ कांत कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि चीन को एजेंडे की बातों के विभिन्न पहलुओं पर आपत्ति है, जिसके परिणामस्वरूप आम सहमति बनाने में कठिनाइयां हो रही हैं। चूंकि जी-20 सर्वसम्मति के सिद्धांत पर काम करता है, इसलिए किसी एक सदस्य देश का अलग दृष्टिकोण बाधा उत्पन्न कर सकता है। नेताओं के घोषणा पत्र का मसौदा समावेशी व सतत विकास, हरित विकास, बहुपक्षीय संस्थानों में सुधार और डिजिटल परिवर्तन जैसी भारत की प्राथमिकताओं पर आधारित है। घोषणा पत्र के मसौदे में अफ्रीकी संघ को जी-20 की स्थायी सदस्यता देने का भारत का प्रस्ताव भी शामिल है। यह ज्ञात नहीं है कि इस प्रस्ताव पर पूर्ण सहमति है या नहीं। भारत के सामने यूक्रेन संकट का उल्लेख करने को लेकर आम सहमति बनाने की भी चुनौती है। पश्चिमी देशों और रूस-चीन गठबंधन के बीच मतभेदों के कारण भारत को इस मुद्दे पर आम सहमति बनाने में कठिनाई हो रही है।रूस और चीन बाली घोषणा पत्र में यूक्रेन संघर्ष संबंधी दो पैरा पर सहमत हो गए थे, लेकिन इस वर्ष वे इससे पीछे हट गए हैं जिसके कारण भारत के लिए मुश्किलें पैदा हो गई हैं। वित्त और विदेश मंत्रियों की बैठक समेत भारत की जी-20 अध्यक्षता में हुई लगभग सभी प्रमुख बैठकों में रूस और चीन के विरोध के कारण यूक्रेन संघर्ष से संबंधित किसी भी पाठ पर आम सहमति वाला दस्तावेज पेश नहीं किया जा सका।भारत में ब्रिटेन के उच्चायुक्त एलेक्स एलिस ने सोमवार को एक समाचार चैनल से बातचीत में कहा कि जी-20 नेताओं के घोषणा पत्र पर आम सहमति बन पाना मुश्किल होगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ब्रिटेन जी-20 में और देशों को शामिल करने के भारत के प्रस्ताव का समर्थन करता है।

# जवान के लिए भगवान की शरण में शाह रुख खान सोशल मीडिया पर यूजर्स कर रहे मजेदार कमेंट्स



**नईदिल्ली, 05 सितम्बर [एजेंसी]।**

बॉलीवुड के किंग खान कहे जाने वाले शाह रुख खान अपनी अपकमिंग फिल्म जवान के लिए इन दिनों खूब प्रोमोशन कर रहे हैं। सोमवार देर रात शाह रुख खान आंध्र प्रदेश के तिरूपति शहर पहुंचे। यहां से वह आज मंगलवार को श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर जाएंगे और अपनी फिल्म जवान की सफलता के लिए भगवान श्री वेंकटेश्वर स्वामी से प्रथना करेंगे। गौरतलब है कि इससे पहले शाह रुख खान अपनी फिल्म पठन के लिए माता वैष्णव देवी के मंदिर (जम्मू) गए थे। इस बार वह भगवान श्री वेंकटेश्वर स्वामी के दर्शन के लिए पहुंचे हैं। इसको लेकर सोशल मीडिया पर लोग उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। एक यूजर्स ने लिखा कि बेचारे मोमिन, अब शाहरुख को भी काफिर घोसित कर देंगे।

पठान से पहले शाहरुख ने माता वैष्णो देवी का आशीर्वाद लिया था.. शायद अब शाहरुख को लग गया है कि हिंदुओं के भगवान ही असली भगवान हैं, बाकी सब मिथ्या।बता दें कि शाह रुख खान की फिल्म जवान सात सितंबर को सिनेमा घरों में रिलीज होगी। शाह रुख खान के फैंस उनकी फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। लोगों ने फिल्म जवान के लिए एडवांस बुकिंग भी शुरू कर दी है। रविवार को फिल्म व्यापार विश्लेषक मनोबाला विजयबालन ने भारत में जवान की अग्रिम बिक्री पर एक अपडेट साझा किया। उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा, एक्शन फिल्म जवान के लिए अग्रिम बुकिंग... जवान की 5 लाख से अधिक टिकट पहले ही बिक चुकी है। फिल्म जगत से जुड़े विश्लेषकों का मानना है कि जवान की एडवांस बुकिंग लगभग 40 करोड़ तक पहुंचने की राह पर है, जो बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में एक नया रिकॉर्ड बना सकती है।

## झूठी निकली सामूहिक दुष्कर्म की घटना, आरोपी के साथ होटल गई थी छात्रा, घरवालों के फोन से घबराई तो रची साजिश

**बुलंदशहर, 05 सितम्बर [एजेंसी]।**

जहांगीराबाद क्षेत्र की एक छात्रा ने नगर में कोचिंग सेंटर संचालक और उसके तीन अज्ञात दोस्तों पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाकर सनसनी फैला दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस हरकत में आई और मामला दो संप्रदाय से जुड़ा होने पर आरोपी नामजद को गिरफ्तार कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज और पीड़िता से पूछताछ के बाद सामूहिक दुष्कर्म का मामला झूठा निकला। हालांकि, पुलिस अब छात्रा के मेडिकल जांच और बयानों के आधार पर कार्रवाई करने की बात कह रही है। जहांगीराबाद थाना क्षेत्र निवासी बीए की छात्रा ने कोचिंग सेंटर संचालक को नामजद और उसके तीन अज्ञात साथियों पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी कोचिंग संचालक को गिरफ्तार कर लिया है। जहांगीराबाद थाना प्रभारी आईपीएस आदित्य बंसल ने बताया कि पूछताछ में आरोपी धीरज ने बताया कि कई माह से उसकी दोस्ती छात्रा से है। छात्रा उससे मिलने कोचिंग सेंटर पर आती थी। एक सितंबर को भी छात्रा कोचिंग सेंटर पर उससे मिलने पहुंची और दोनों ने एक होटल में समय बिताया। देर होने पर छात्रा ने आरोपी से घर छोड़ने की बात कही, लेकिन आरोपी ने इनकार कर दिया। इससे दोनों में कहासुनी हो गई। कॉल डिटेल के अनुसार, छात्रा की मां और बहन ने पीड़िता से फोन पर लोकेशन मांगी, तो वह घबरा गई। मां और बहन की नाराजगी को भांपते हुए छात्रा औरंगाबाद में रहने वाले अपने एक रिश्तेदार के घर पहुंची, जहां छात्रा की तबीयत खराब हो गई। छात्रा ने आरोपी धीरज को फोन किया।

# कमाई के सारे रिकॉर्ड्स तोड़ेगा Ind VS PAK का मैच 19 लाख रुपये में बिका हाई-वोल्टेज मुकाबले का टिकट



**नईदिल्ली, 05 सितम्बर [एजेंसी]।**

भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच की दीवानगी प्रशंसकों के सिर चढ़कर बोलती है। अहमदाबाद में 14 अक्टूबर को होने वाले भारत-पाक विश्व कप मैच का प्रशंसकों का बेसब्री से इंतजार है। इस मैच के टिकट 19 लाख रुपये तक बिके हैं। ऑनलाइन टिकट उपलब्ध कराने वाले प्लेटफार्म वायागोगो पर नरेन्द्र मोदी स्टेडियम के साउथ प्रीमियर वेस्ट बे स्टैंड की एक टिकट 19,51,580 रुपये में बिकी है। इसमें शिपिंग और होम डिलिवरी का खर्चा शामिल नहीं है। जहां विश्व कप के आधिकारिक टिकेटिंग पार्टनर बुकमायशो पर सभी टिकट बिक चुके हैं। वहीं वायागोगो पर सोमवार रात तक मैच के 100 टिकट उपलब्ध थे। जहां भारत और पाकिस्तान के मैच के टिकट इतने महंगे बिक रहे हैं, वहीं इसी मैदान पर पांच अक्टूबर को होने वाले इंग्लैंड व न्यूजीलैंड के मैच के लिए साउथ प्रीमियर वेस्ट बे स्टैंड के एक टिकट का दाम छह हजार रुपये है।वायागोगो पर भारत और पाक मैच के टिकट 66,000 से शुरू होकर 19 लाख तक हैं।

भारत के अन्य मैचों के दाम भी लाखों रुपये में है। लखनऊ में भारत और इंग्लैंड के बीच मैच की टिकट का शुरुआती दाम 2,34,632 रुपये है। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में भारत व अफगानिस्तान के बीच मैच की टिकट के शुरुआती कीमत 38777 रुपये है।

## अंधेरी रात... बहता खून और चेहरे पर मुस्कान! अपना कटा हाथ लेकर सड़क पर घूमता रहा युवक, आग की तरह फैली बात



**सुल्तानगंज, 05 सितम्बर [एजेंसी]।**

सुल्तानगंज शहरी क्षेत्र के बालूघाट रोड से दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां 25 वर्षीय युवक अपने ही बाएं हाथ का कटा हुआ भाग अपने दाहिने हाथ में लेकर घाट रोड में चलता हुआ दिखा। घटना रविवार देर रात की बताई जा रही है। एक तरफ कटे हुए एक हाथ से खून बह रहा था। वहीं, युवक मुस्कराता हुआ चल रहा था। सड़क पर चलते उस व्यक्ति को देखकर लोग भी हैरान रह गए। इसके बाद यह खबर आग की तरह चारों तरफ फैल गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए जेएलएनएमसीएच भागलपुर रेफर कर दिया।चिकित्सकों ने बताया कि हाथ कट जाने की वजह से युवक का काफी खून बह चुका है। इसके कारण युवक को भागलपुर रेफर कर दिया गया है। युवक बांका जिला के फुल्लीडुमर कैथा निवासी राधे श्याम यादव का पुत्र सुमन कुमार बताया जा रहा है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।बताया जाता है कि रविवार की देर रात अचानक युवक को हाथ में कटा हुआ हाथ लेकर घूमता देख लोग आश्चर्यचकित रह गए।

इस तरह की घटना से लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। अधिकांश लोगों का कहना है कि युवक ने खुद नशे की हालत में अपनी हाथ काट लि?या और कटा हुआ भाग दूसरे हाथ में लेकर सड़क पर घूम रहा था।घटना के बाद सुल्तानगंज शहरी क्षेत्र के लोगों का कहना है कि सावन माह की अपेक्षा आधी संख्या में भादो मास में भी कांवड़िया जल उठा कर देवघर जाते हैं। ऐसे में पुलिस बल की तैनाती जरूरी है। अगर मेला क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती होती तो शायद इस तरह की घटना नहीं होती।

# स्वीडन में कुरान जलाए जाने पर हिंसा, पथराव और आगजनी के बाद पुलिस ने तीन को किया गिरफ्तार

**स्टाकहोम, 05 सितम्बर [एजेंसी]।**

कुरान की प्रतियां जलाए जाने की लगातार हो रही घटनाओं के बीच स्वीडन के तीसरे बड़े शहर मालमो में हिंसा भड़क उठी है। हिंसा की ताजा घटनाएं इस्लाम विरोधी प्रदर्शनकारी द्वारा कुरान की प्रति जलाए जाने के बाद हुईं। इन घटनाओं में कई स्थानों पर आगजनी और पथराव से दर्जनों कारों और कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। यह हिंसा रविवार को शुरू हो गई थी और रविवार-सोमवार की पूरी रात जारी रही।हिंसा की शुरुआत इस्लाम विरोधी प्रदर्शनकारी सलवान मोमिका के कुरान की प्रति जलाए जाने के बाद हुई। इराकी मूल का मोमिका जब यह कृत्य कर रहा था तब उसे रोकने के लिए लोगों का एक समूह वहां पहुंच गया। मौके पर मौजूद पुलिस ने हेलमेट पहने इन लोगों को रोक लिया। इस दौरान हुई हाथापाई के बाद पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस से अनुमति लेकर मोमिका कुरान की प्रति जलाकर अपना इस्लाम विरोध व्यक्त कर रहा था।



सोमवार को सुबह युवाओं के हिंसक समूह ने कई स्थानों पर टायरों और कूड़े के ढेरों में आग लगा दी। उन्होंने कई इलेक्ट्रिक स्कूटरों, साइकिलों और बैरियरों में भी आग लगा दी या उनमें तोड़फोड़ की। कुरान की प्रति जलाए जाने पर मालमो-रोजेनगार्ड इलाके में पूर्व में भी विरोध प्रदर्शन होते रहे हैं। क्षेत्र के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी पेट्रा स्टेनकुला ने कहा कि हम लोगों की असहमति की भावनाओं को समझते हैं, उनका सम्मान करते हैं लेकिन हिंसा की अनुमति किसी को नहीं है।

## मैतेयी प्रवासियों का पीएम मोदी को खुला पत्र, शांति बहाली के लिए की ये मांग

**नईदिल्ली, 05 सितम्बर [एजेंसी]।**

दुनियाभर से सैकड़ों मैतेयी प्रवासियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक खुला पत्र लिखकर मणिपुर में सामान्य स्थिति बहाल करने व शांति बहाल के लिए हस्तक्षेप की मांग की है। मणिपुर में सामान्य स्थिति और सद्भाव बहाल करने के लिए तत्काल हस्तक्षेप की याचिका शीर्षक से जारी पत्र में मैतेयी एनआरआइ और भारतीय मूल के मैतेयी ने मोदी से मणिपुर का दौरा करने तथा जातीय हिंसा और चल रही उथल-पुथल से प्रभावित लोगों से मिलने का आग्रह किया है। प्रवासियों ने कहा कि भारत जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने की तैयारी कर रहा है और मणिपुर में जारी हिंसा इन उपलब्धियों के लिए कमजोर कड़ी साबित होगी। 48 घंटों के भीतर 1,300 से अधिक लोगों ने खुले पत्र पर हस्ताक्षर किए, जिसे सोमवार को प्रधानमंत्री कार्यालय को सौंप दिया गया।वहीं, मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने सोमवार को पुष्टि की कि राज्य में कालेज छह सितंबर को फिर से खुलेंगे और कहा कि राज्य सरकार शिक्षा को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है।हिंसाग्रस्त मणिपुर में शांति स्थापित करने में सरकार की मदद करने के लिए सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है।म्यांमार में भारत के सर्जिकल स्ट्राइक में अहम भूमिका निभाने वाले एक सेवानिवृत्त सेना के अधिकारी कर्नल (सेवानिवृत्त) नेक्टर संजेनबम को पांच साल के कार्यकाल के लिए मणिपुर पुलिस विभाग में वरिष्ठ अधीक्षक (लड़ाकू) नियुक्त किया गया है।संजेनबम 21 पैरा (विशेष बल) में सेवा कर चुके हैं। वे दूसरा सबसे बड़ा वीरता पुरस्कार कीर्ति चक्र और तीसरा सबसे बड़ा शौर्य चक्र से सम्मानित हो चुके हैं।

# एक्स पर वीडियो देखने वालों की संख्या लगभग दोगुनी हुई मस्क ने कहा- जल्द मिलेगी बिना किसी नंबर काल की सुविधा



**नईदिल्ली, 05 सितम्बर [एजेंसी]।**

एलन मस्क ने सोमवार को कहा कि एक्स (ट्विटर) पर वीडियो देखने वालों की संख्या पिछले साल से लगभग दोगुनी हो गई है। उन्होंने गत वर्ष अक्टूबर में इसका अधिग्रहण किया था। एक्स की सीईओ लिंडा याकारिनो ने कहा कि पिछले साल की तुलना में वीडियो स्ट्रीमिंग में काफी वृद्धि हुई है। मस्क का लक्ष्य सब कुछ एक ही एप में लाना है। फार्मूला वन रेसर मैक्स वेरस्टैपेन द्वारा रविवार को इटालियन ग्रांड प्रिक्स में नया रिकार्ड स्थापित करने के बाद उन्होंने यह प्रतिक्रिया दी है।पिछले महीने एक्स ने घोषणा की थी कि प्रीमियम यूजर्स प्लेटफार्म पर लंबे वीडियो पोस्ट कर सकते हैं। उनके पास अपनी टाइमलाइन से वीडियो को अपने कैमरा रोल में डाउनलोड करने की सुविधा उपलब्ध होगी। वे पोस्ट किए गए वीडियो के लिए डाउनलोड विकल्प को आन और आफ कर सकते हैं। कंपनी जल्द ही वीडियो और आडियो काल फीचर जोड़ने वाली है। मस्क ने कहा था कि काल करने के लिए किसी फोन नंबर की जरूरत नहीं होगी। वाट्सएप ने भारत में जुलाई में 72 लाख अकाउंट को नियम के उल्लंघन को लेकर कार्रवाई की है। यह कार्रवाई एक से लेकर 31 जुलाई के बीच की गई है। वाट्सएप की ओर से दी गई जानकारी में कहा गया है कि शिकायत मिलने से पहले ही करीब 31 लाख खातों पर कार्रवाई की गई थी। वाट्सएप को जुलाई में करीब 11,067 शिकायत मिली थी। इनमें से करीब 72 पर कार्रवाई की गई थी। वहीं, मेटा ने कहा कि उसने जुलाई में भारत में फेसबुक से 15.8 मिलियन से अधिक और इंस्टाग्राम से 5.9 मिलियन से अधिक सामग्री हटा दी है।

## कराची में चीनी, सब्जी के बाद अब दूध की किल्लत, खाद्य पदार्थों की कीमतों में लगी आग

इस्लामाबाद पाकिस्तान में खाद्य पदार्थों की कीमतें आसमान छूने के बाद अब दूध का संकट उत्पन्न होने जा रहा है। दाम बढ़ाए जाने की मांग को लेकर दुग्ध विक्रेताओं ने प्रदर्शन कर सोमवार से दूध खरीद बंद करने की घोषणा की है। इससे सब्जी और चीनी के बाद अब कराची में दूध की भी किल्लत हो जाएगी।दूध के दाम को लेकर दुग्ध विक्रेताओं और फर्म मालिकों के बीच तनाव चल रहा है। प्रशासन ने प्रति लीटर 180 पाकिस्तानी रुपये दूध का दाम तय कर रखा है, लेकिन खुदरा विक्रेता कीमत ज्यादा वसूल रहे हैं।

## ईरान परमाणु हथियार के लिए शुद्ध यूरेनियम बनाने के करीब, नहीं दे रहा कार्यक्रम की जानकारी

**विएना 05 सितम्बर।** ईरान परमाणु हथियार बनाने में प्रयुक्त होने वाले उच्च गुणवत्ता वाले यूरेनियम के परिष्करण के करीब है। अब वह 60 प्रतिशत तक परिष्कृत यूरेनियम तैयार कर रहा है। इस लिहाज से ईरान परमाणु हथियार बनाने की क्षमता प्राप्त करने के करीब है। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र की संस्था अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आइएईए) की दो रिपोर्टों से सामने आई है। इन रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम से जुड़ी जानकारियां नहीं दे रहा है। वह परमाणु संयंत्रों में कई महत्वपूर्ण स्थलों पर कैमरे लगाने की अनुमति भी नहीं दे रहा है। इसलिए वह किस स्तर का यूरेनियम शोधन कर रहा है, इसकी सही जानकारी नहीं मिल रही है।आइएईए के आकलन के अनुसार, ईरान इस समय 60 प्रतिशत परिष्कृत यूरेनियम तैयार कर रहा है। उसने हाल के वर्षों में यूरेनियम शोधन की अपनी क्षमता बढ़ाई है। जबकि परमाणु हथियार बनाने के लिए करीब 90 प्रतिशत तक शुद्ध यूरेनियम की आवश्यकता होती है। ईरान जिस प्रकार से अपनी यूरेनियम शोधन क्षमता बढ़ा रहा है, वह चिंता का विषय है।आइएईए के महानिदेशक रफाएल ग्रोसी ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर पैदा गतिरोध को दूर करने के लिए ठोस प्रयास न होने पर अफसोस जताया है।ईरान को परमाणु हथियार से दूर रखने के लिए 2015 में उसके साथ अमेरिका, रूस, चीन सहित विश्व के प्रमुख देशों ने समझौता किया था, लेकिन 2018 में अमेरिका के समझौते से बाहर आने से यह समझौता निष्प्रभावी हो गया। उसी के बाद ईरान ने अपना यूरेनियम शोधन का स्तर बढ़ाना शुरू कर दिया और आइएईए को सूचनाएं उपलब्ध कराना बंद कर दिया।

# होप टेस्ट से चांद पर मानव मिशन की उम्मीद बढ़ी इस दिन स्लीप मोड से जागेंगे लैंडर और रोवर



**बेंगलुरू, 05 सितम्बर [एजेंसी]।**

चंद्रमा पर गए विक्रम ने चंदामामा के आंगन में कामयाबी की छलांग लगाई है। जहां दूसरे देश एक बार भी चांद के दक्षिणी ध्रुव पर साफ्ट लैंडिंग नहीं कर सके, अपने लैंडर विक्रम ने 40 सेंटीमीटर उछलकर 30-40 सेंटीमीटर दूर एक बार फिर चांद पर साफ्ट लैंडिंग की है। होप टेस्ट के जरिये भविष्य के मानव मिशन की क्षमता परखी गई।विज्ञानियों को उम्मीद है कि होप टेस्ट में मिली सफलता से भविष्य में चंद्रमा से सैंपल लाने में मदद मिलेगी। चंद्रमा के लिए भविष्य के मानव मिशनों को इस सफलता से पंख लग सकते हैं। उम्मीद से अधिक सफलता हासिल कर चंद्रयान-3 के सभी पेलोड स्लीप मोड में चले गए हैं।विज्ञानियों को उम्मीद है कि चांद पर जब 22 सितंबर को सूर्योदय होगा तो लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान फिर जगेंगे। सभी पेलोड एक और चंद्र दिवस काम करके अधिक से अधिक जानकारियां जुटाएगें और स्वर्णिम भविष्य की पटकथा लिखेंगे। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट किया, विक्रम ने एक बार फिर चांद पर साफ्ट लैंडिंग की। उम्मीदों की छलांग लगाकर विक्रम होप टेस्ट में भी सफल रहा। कमांड मिलने पर विक्रम लैंडर ने इंजनों को फायर किया। अनुमान के मुताबिक विक्रम करीब 40 सेंटीमीटर तक ऊपर उठा और आगे 30-40 सेंटीमीटर की दूरी पर सुरक्षित लैंड किया। महत्वपूर्ण बात यह है कि इस प्रक्रिया से भविष्य में चंद्रमा से सैंपल वापस लाने और चंद्रमा पर मानव अभियान को लेकर आशा बढ़ गई हैं।इसरो ने कहा, चंद्रयान-3 मिशन का विक्रम लैंडर भारतीय समयानुसार सोमवार सुबह करीब आठ बजे स्लीप मोड में चला गया। इससे पहले लैंडर के पेलोड चंद्र सरफेस थर्मोफिजिकल एक्सपेरिमेंट (चेस्ट), रंभा-एलपी और चंद्र कंपन गतिविधि उपकरण (इल्सा) के डाटा को धरती पर भेज दिया गया।चेस्ट ने पहली बार दक्षिणी ध्रुव पर चंद्र सतह का तापमान और रंभा-एलपी ने चंद्र सतह के प्लाज्मा वातावरण को मापा।

चंद्र कंपन गतिविधि उपकरण (इल्सा) ने चंद्रमा पर कंपन को महसूस किया है। अब सभी पेलोड को बंद कर दिया गया है। लैंडर के रिसीवर को चालू रखा गया है। इससे पहले रोवर प्रज्ञान भी लक्ष्य के अनुसार काम पूरा कर शनिवार रात से स्लीप मोड में है। प्रज्ञान ने चांद पर 10 दिन में 100 मीटर से अधिक दूरी तक चहलकदमी की और चंद्रमा के बारे में जानकारियां जुटाईं। रोवर के पेलोडों ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर आक्सीजन, एल्यूमीनियम, सल्फर और अन्य तत्वों का पता लगाया।

इसके पेलोड अल्फा पार्टिकल एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर (एपीएक्सएस) और इनड्यूज्ड ब्रेकडाउन स्पेक्ट्रोस्कोप (एलआइबीएस) पेलोड को बंद कर दिया गया।गौरतलब है कि एक चंद्र दिवस 14 दिन का होता है। कुछ दिनों में सूर्यास्त होने वाला है। जिस क्षण सूर्यास्त होगा गहरा अंधेरा छा जाएगा। तापमान शून्य से 200 डिग्री सेल्सियस तक नीचे चला जाएगा। ऐसे में सिस्टम का काम करना असंभव होगा।चंद्रयान-3 के लैंडर माड्यूल (एलएम) ने 23 अगस्त को शाम छह बजकर चार मिनट पर चंद्रमा की सतह पर साफ्ट लैंडिंग की थी। इसके साथ ही भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला विश्व का पहला राष्ट्र बन गया।

## उदयनिधि के बयान पर विहिप हमलावर, नागराजन बोले- क्या स्टालिन सरकार के भी यही हैं विचार

**चेन्नई 05 सितम्बर।** विश्व हिंदू परिषद ने सोमवार को तमिलनाडु के युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन की सनातन धर्म के उन्मूलन पर उनकी टिप्पणी के लिए आलोचना की। उन्होंने हिंदुओं से देश की एकता और सामाजिक सद्भावना का बुनियादी ढांचा नष्ट करने का प्रयास करने वाले छद्म द्रविड़ को उचित जवाब देने का अनुरोध किया। विहिप के अखिल भारतीय संयुक्त सचिव पीएम नागराजन ने उदयनिधि से यह स्पष्ट करने की मांग की कि क्या उनके विचार राज्य सरकार के सोच को प्रतिबिंबित करते हैं। उन्होंने कहा, अगर ऐसा है तो हम केंद्र सरकार को बताएंगे कि संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 के तहत प्रत्येक व्यक्ति को अपने धर्म का पालन करने का अधिकार है। नागराजन ने तर्क दिया कि सरकार का कर्तव्य है लोगों की रक्षा करना न कि सनातन को खत्म करने का एजेंडा आगे बढ़ाना। इसके विपरीत बोलने का मतलब है कि सरकार अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियों का पालन नहीं करके कानून के रास्ते से भटक गई है। ऐसी स्थिति में केंद्र को सोचना होगा कि उसके पास क्या विकल्प हैं।

# हलषष्ठी व्रत से संतान के दीर्घ और सुखमय जीवन की मंगल कामना

छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पर्वों में से एक पर्व कमरछठ व्रत, जो भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष के षष्ठी तिथि के दिन मनाया जाता है. आज भाद्रपद माह की षष्ठी तिथि है और यह त्यौहार देश भर में मनाया जा रहा है. आज के दिन माताएं अपनी संतान की लंबी उम्र एवं सुख-समृद्धि के लिए हलषष्ठी माता की पूजा-अर्चना करती है. मान्यता है कि इस दिन व्रत रखने से संतान को सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है. इसे कमरछठ के नाम से भी जानते हैं.



## माता देवकी ने बलराम के लिए रखी थी ये व्रत

माता देवकी के छह पुत्रों को जब कंस ने मार दिया तब पुत्र की रक्षा की कामना के लिए माता देवकी ने भादो कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को षष्ठी देवी की आराधना करते हुए व्रत रखा था. जिसके फलस्वरूप भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम का जन्म हुआ था. इसी मान्यता के चलते महिलाएं अपने पुत्र की खुशहाली के लिए छठ का व्रत रखती हैं.

## हल षष्ठी पूजा की विधि

हल षष्ठी व्रत में महुआ की दातुन और महुआ खाने का विधान है. हल षष्ठी के दिन माताएं सुबह स्नान करके व्रत का संकल्प लेती हैं. महिलाएं घर में या सामूहिक स्थान पर एक जगह एकत्रित होती हैं. वहां पर आंगन में दो गड्ढा खोदा जाता है, जिसे सगरी कहा जाता है. महिलाएं अपने-अपने घरों से मिटटी के खिलौने, बैल, शिवलिंग, गौरी- गणेश इत्यादि बनाकर लाते हैं, जिन्हें उस सगरी के किनारे पूजा के लिए रखा जाता है. उस सगरी में बेल पत्र, भैंस का दूध, दही, घी, फूल, कांसी के फूल, श्रृंगार का सामान, लाई और महुए का फूल चढ़ाया जाता है. महिलाएं एक साथ बैठकर हलषष्ठी माई के व्रत की कथाएं सुनती हैं. उसके बाद शिव जी की आरती व हलषष्ठी देवी की आरती के साथ पूजन समाप्त होता है. इस क्रम में बिना जुते हुए अनाज या खाद्य पदार्थ अर्पित करती हैं.

## भैंस का दूध और बिना जूते पैदा हुवे अन्न को किया जाता है ग्रहण

हल षष्ठी गाय के दूध व दही का सेवन नहीं किया जाता. हल षष्ठी व्रत में विशेष रूप से भैंस के दूध और उससे बनी चीजों का ही इस्तेमाल किया जाता है. माता की पूजा-अर्चना में पसहर चावल और छह प्रकार की भाजियों का जो बिना जुते हुवे हो का भोग लगाया जाता है. पसहर चावल को खेतों में उगाया नहीं जाता. यह चावल बिना हल जोते अपने आप खेतों की मेड़, तालाब, पोखर या अन्य जगहों पर उगता है. भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलदाऊ के जन्मोत्सव वाले दिन हलषष्ठी मनाए जाने के कारण बलदाऊ के शस्त्र हल को महत्व देने के लिए बिना हल चलाए उगने वाले पसहर चावल का पूजा में इस्तेमाल किया जाता है. पूजा के दौरान महिलाएं पसहर चावल को पकाकर भोग लगाती हैं, साथ ही इसी चावल का सेवन कर व्रत तोड़ती हैं.

## पूजा के बाद महिलाएं मारती है पोता

हलषष्ठी पूजा के बाद माताएं नए कपड़े का टुकड़ा सगरी के जल में डुबाकर घर ले जाती हैं और अपने बच्चों के कमर पर/पीठ पर छ बार स?पर्श कराती हैं, इसे पोती मारना कहते हैं. मान्यता है कि पोती मारने से बच्चों को दीर्घायु प्राप्त होती है और उनका वर्चस्व बढ़ता है. पूजा के बाद बचे हुए लाई, महुए और नारियल को महिलाएं प्रसाद के रूप में एक दूसरे को बांटती हैं और अपने-अपने घर लेकर जाती हैं.

## सूर्यास्त से पहले कर लेना चाहिए फलाहार

हलषष्ठी के दिन घर पहुंचकर, महिलाएं फलाहार की तैयारी करती हैं. फलाहार के लिए पसहर का चावल भगोने में बनाया जाता है, इस दिन कलछी का उपयोग खाना बनाने के लिए नहीं किया जाता, खम्हार की लकड़ी को चम्मच के रूप में प्रयोग में लाया जाता है. छह प्रकार की भाजियों को काला मिर्च और पानी में पकाया जाता है, भैंस के घी का प्रयोग छौंकने के लिए किया जा सकता है पर आम तौर पर नहीं किया जाता. इस भोजन को पहले छह प्रकार के जानवरों के लिए जैसे कुत्ते, पक्षी, बिल्ली, गाय, भैंस और चींटियों के लिए दही के साथ पत्तों में परोसा जाता है. फिर व्रत करने वाली महिला फलाहार करती हैं।

नियम के अनुसार सूर्यास्त से पहले फलाहार कर लेना चाहिए.

## हल हर षष्ठी के नियम एवम पूजा विधि

प्रातः काल उठकर महुयें से दांत साफ़ किये जाते हैं.

इस दिन बिना हल से जूते खाद्य पदार्थ खाये जाते हैं. पसई धान के चावल, भेंस के दूध का उपयोग भोजन में किया जाता हैं. भोजन पूजा के बाद किया जाता हैं.

यह व्रत पुत्रवती स्त्रियाँ ही करती हैं.

इस व्रत की पूजा हेतु भेंस के गोबर से पूजा घर में घर की दिवार पर हर छठ माता का चित्र बनाया जाता हैं. एपन तैयार किया जाता हैं. उससे चित्र का श्रृंगार किया जाता हैं.

ऐपन बनाने की विधि = पूजा के चावल को पानी में भीगा कर रखा जाता हैं. फिर उसे सिल बट्टे पर पिस कर उसमे हल्दी मिलाई जाती हैं. एक लेप की तरह घोल तैयार होता हैं उसे ऐपन कहते हैं.

कई परिवार केवल हाथों के छापे बनाकर उनकी पूजा करते हैं.हाथो में ऐपन लगाकर उसके छापे दीवार पर बनाकर उनकी पूजा की जाती हैं.

पूजा के लिए पाटे पर कलश सजाया जाता हैं. गणेश जी एवम माता गौरा को स्थापित किया जाता हैं.

साथ ही मिट्टी के कुल्वे में ज्वार की धानी एवम महुआ का फल भरा जाता हैं.

एक मटकी में देवली छेवली को रखा जाता हैं.

सबसे पहले कलश की पूजा कर गणेश जी एवम माता गौरा की पूजा की जाती हैं.

फिर हर छठ माता की पूजा की जाती हैं.

उसके बाद कुल्वे एवम मटकी की पूजा की जाती हैं.

पूजा के बाद हर छठ की कथा पढ़ी जाती हैं.

माता जी की आरती की जाती हैं.

आरती के बाद वही बैठकर महुयें के पत्ते पर महुये का फल रख कर उसे भेस के दूध से बने दही के साथ खाया जाता हैं.

पूजा के बाद व्रत पूरा करने हेतु भोजन में पसई धान के चावल एवम भेंस के दूध से बनी वस्तुयें खा सकते हैं.

## हर छठ पूजा कथा एवम महत्व

एक ग्वालिन थी वो दूध दही बेचकर अपना जीवन व्यापन करती थी. वह गर्भवती थी। एक दिन जब वह दूध बेचने जा रही थी उसे प्रसव का दर्द शुरू हुआ। वो समीप पर एक पेड़ के नीचे बैठ गई जहाँ उसने एक पुत्र को जन्म दिया। ग्वालिन को दूध ख़राब होने की चिंता थी इसलिये अपने पुत्र को पेड़ के नीचे सुलाकर वो गाँव में दूध बेचने चली गई। उस दिन हर छठ व्रत था सभी को भेंस का दूध चाहिए था। ग्वालिन के पास केवल गाय का दूध था उसने झूठ बोलकर सभी को भेस का दूध बताकर पूरा गाय का दूध बेच दिया। इससे हर छठ माता क्रोधित हो गई. और उसके पुत्र के प्राण हर लिये। जब ग्वालिन आई उसे अपनी करनी पर बहुत संताप हुआ और उसने गाँव में जाकर सभी के सामने अपने गुनाह को स्वीकार किया. सभी से पैर पकड़कर क्षमा मांगी। उसके इस तरह से विलाप को देख कर उसे सभी ने माफ़ कर दिया. जिससे हर छठ माता प्रसन्न हो गई। और उसका पुत्र जीवित हो गया। तब ही से पुत्र की लंबी उम्र हेतु हर छठ माता का व्रत एवम पूजा की जाती हैं।

कहा जाता हैं जब बच्चा पैदा होता हैं तब से लेकर छः माह तक छठी माता बच्चे की देखभाल करती हैं. उसे हँसती हैं. उसका पूरा ध्यान रखती हैं इसलिये बच्चे के जन्म के छः दिन बाद छठी की पूजा भी की जाती हैं. हर छठ माता को बच्चो की रक्षा करने वाली माता भी कहा जाता हैं।

# शिक्षक हमारे भविष्य के निर्माता



पहले के समय में हमारे देश में शिक्षक को इस तरह का सम्मान दिया जाता था, परन्तु आज के समय में शिक्षक और छात्र दोनो ही बदल गये है। पहले के समय में शिक्षण एक पेशा ना होकर एक उत्साह और एक शौक का कार्य था, पर अब यह मात्र एक आजीविका चलाने का साधन बनकर रह गया है। लेकिन मुझे लगता अभी भी सब कुछ खत्म नही हुआ है। जब भी मैं छात्रों को शिक्षक दिवस मनाते हुए देखता हूँ मैं काफी भावुक हो जाता हूँ और इसके साथ ही काफी प्रसन्न भी महसूस करता हूँ। यह सब देखकर मुझे लगता है अभी भी हमारे दिलो में शिक्षको के लिए विशेष स्थान है।

इस बात से को इनकार नही कर सकता है कि स्कूल के पहले दिन से लेकर कालेज के आखिरी दिन तक वह हमें पढ़ाते है हमारी कमियां खोजते है और हमें शिक्षा देते है। इसके अलावा वह हमारे व्यक्तित्व का भी निर्माण करते है अगर संक्षिप्त में कहे तो वह हमारे भविष्य का निर्माण करते हैं। वैसे तो कई रिश्ते है जिनका हमारे ह्रदय में विशेष स्थान होता है और मुझे विश्वास है कि उनमें से एक है शिक्षक का रिश्ता जो हमारे लिए सबसे प्रिय है। खासतौर से वह जो हमारे साथ सख्ती से पेश आते थे और हमें गलतियों पर सजा दिया करते थे। जैसे-जैसे हम बड़े होते जाते है यह नफरत प्रेम में बदल जाता है, क्योंकि हम अपने पेशे में डांट का महत्व महसूस करते है। कबीर दास ने शिक्षक के कार्य को नीचें के पंक्तियो में बखूबी समझाया है।

**गुरु कुम्हार शिष कुंभ है, गढ़ि गढ़ि काढ़ै खोट, अंतर हाथ सहार दै, बाहर बाहै चोट**

उपर के पंक्तियों में कबीर दास जी कहते है कि शिक्षक एक कुम्हार के तरह है और छात्र पानी के घड़े के तरह जो उनके द्वारा बनाया जाता है और इसके निर्माण के दौरान वह बाहर से घड़े पर चोट करता है और इसके साथ ही सहारा देने के लिए अपना एक हाथ अंदर भी रखता है।

इसलिए मैं अपने शिक्षक को इतना प्रेम करता हूँ (खासतौर से उनका जो मुझे ज्यादे डांटते थे)। वो वह व्यक्ति थे जो मेरे भविष्य निर्माण के लिए जिम्मेदार है।

जब मैं एक छात्र था, तब मैं एक अंग्रेजी लेखक बनना चाहता था। जब यह बात मैंने अपने दोस्तो और माता-पिता को बताया तो वह मुझ पर हंसने लगे क्योकि मेरी अंग्रेजी काफी खराब थी। मेरे शिक्षक हमेशा डांटते और सजा दिया करते थे पर मैनें कभी अपना धैर्य नही खोया। यह उनके मार्गदर्शन और मेहनत का फल ही जिससे कि मैं एक अंग्रेजी शिक्षक और लेखक बन पाया। पहले मैं उनके द्वारा मुझसे कड़ाई बरतने पर मुझे काफी बुरा लगता था, पर अब मैं उन्हे धन्यवाद देता हूँ क्योंकि उनके कड़ाई और मेरे उपर किये गये मेहनत का फल मुझे प्राप्त हुआ।

तो आपको भी अपने कड़ाई बरतने वाले शिक्षको की बातो का बुरा नही मानना चाहिए, क्योंकि वह आपको वो बनायेंगे जो आप बनना चाहते हो। दूसरे शब्दो में कहे तो वह आपके भविष्य के निर्माता है।

यह सच है कि हमारे माता-पिता हमारे पहले शिक्षक है। वह हमें काफी कुछ सिखाते है, इस बात इन्कार नही किया जा सकता है, पर हमारी असली शिक्षा तब शुरु होती है जब हम स्कूल जाते है। जहा हम अपने शिक्षको द्वारा ज्ञान प्राप्त करना शुरु करते हैं। शिक्षक एक व्यक्ति के जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

एक शिक्षक एक मार्गदर्शक, गुरु, मित्र होने के साथ ही और कई भूमिकाएं निभाते है, जिनके बारे में हम सोच भी नही सकते है। यह विद्यार्थी के उपर निर्भर करता है, कि वह अपने शिक्षक को कैसे परिभाषित करता है। संत तुलसी दास के ने इसे नीचे के पंक्तियों में बहुत ही अच्छे तरीके से समझाया है।

**जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी**

उपर के पंक्तियों में संत तुलसी दास ने बताया है कि भगवान/गुरु एक व्यक्ति को वैसे ही नजर आयेंगे जैसा कि वह सोचेगा। उदहारण के लिए अर्जुन भगवान श्रीकृष्ण को अपना मित्र मानते थे, वही मीरा बाई भगवान श्रीकृष्ण को अपना प्रेमी ठीक इसी प्रकार से यह शिक्षक के उपर भी लागू होता है।

मेरे नर्सरी शिक्षक के व्यक्तित्व में कुछ जादू सा था, मैं उन पर आंख मूंदकर भरोसा करता था। मैं उनके साथ के अपने इस रिश्ते को बयान नही कर सकता पर हाँ मैं यह अवश्य कह सकता हूँ कि यह कई रिश्तो का मिश्रण था। ऐसा कहा जाता है कि एक इमारत की नींव मजबूत हो तो इमारत मजबूत होती है, और व्यक्ति जितने चाहे उतनी मंजिले उसमें जोड़ सकता है लेकिन अगर नींव कमजोर हो तो ऐसा करना काफी खतरनाक होता है। मैं काफी भाग्यशाली था जो मुझे इतने अच्छे प्राथमिक शिक्षक मिले जिन्होंने मेरे जीवन में चरित्र और शिक्षा की नींव रखी और इसी मजबूत नींव के वजह से आज मैं इस मुकाम पर पहूँच पाया हूँ।

# शिक्षक विद्यार्थियों के लिए रोल मॉडल

**शिक्षा मानव के सर्वांगीण विकास का एक सशक्त माध्यम है। शिक्षा विद्यार्थियों के लिए सिर्फ ज्ञानार्जन का ही साधन नही अपितु यह आर्ट ऑफ लिविंग अर्थात जीने की कला सिखाती है। आज के प्रतिस्पर्धी युग में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर बाल्य काल पर ही ध्यान देना होगा तभी बेहतर उपलब्धियां प्राप्त कर सकेगी। शिक्षकों को प्राथमिकता से बच्चों के नैतिक शिक्षा पर बल देना चाहिए। शिक्षक अपने विद्यार्थियों के लिए रोल मॉडल होता है। अतः बेहतर शिक्षक निश्चित तौर पर सुसंस्कारित बेहतर नायक तैयार करने में महती भूमिका निभाते हैं।**



शिक्षकों पर देश के भावी कर्णधारों के जीवन को गढ़ने और उनके चरित्र निर्माण करने का महत्वपूर्ण दायित्व होता है। शिक्षा ही ऐसा माध्यम है जिससे हम प्रगति के पथ पर निरंतर आगे बढ़ सकते हैं। देश के राष्ट्रपति भारतरत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। जब वे भारत के राष्ट्रपति थे तब कुछ पूर्व छात्रों और मित्रों ने उनसे अपना जन्मदिन मनाने का आग्रह किया। उन्होंने विनम्रतापूर्वक कहा कि यह बेहतर होगा कि आप इस दिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाए। इसके बाद 5 सितम्बर को हमारे देश में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाने लगा।

स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि ''जिस शिक्षा से हम अपना जीवन निर्माण कर सके, मनुष्य बन सकें, चरित्र का गठन कर सकें और विचारों का सामंजस्य कर सकें, वही वास्तव में शिक्षा कहलाने योग्य हैं''। शिक्षक, शिक्षा और ज्ञान के जरिये बेहतर इंसान तैयार करते है, जो राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देते है। हमारे देश की संस्कृति और संस्कार शिक्षकों को विशेष सम्मान और स्थान देती है। गुरू शिष्य के जीवन को बदलकर सार्थक बना देता है।




मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की सरकार ने शिक्षा व्यवस्था और शिक्षकों की स्थिति में सुधार के लिए शिक्षकों और छात्र-छात्राओं से किए गए वादे को न केवल निभाया है, बल्कि अमलीजामा पहनाना भी शुरू कर दिया है। छत्तीसगढ़ राज्य में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत पहली बार बारहवीं कक्षा तक के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा का अधिकार प्रदान किया है। छत्तीसगढ़ में निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा की व्यवस्था के साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुक्रम में मातृभाषा को महत्व दिया जा रहा है।

व्यक्ति अपनी मातृभाषा में शिक्षा को अधिक रूचि तथा सहजता के साथ ग्रहण करता है। अंग्रेजी एक वैश्विक भाषा है जिस कारण उसके शिक्षक को महत्व दिया जाना चाहिए। छत्तीसगढ़ की जनता की भावनाओं एवं अंग्रेजी भाषा की वैश्विक मान्यता को देखते हुए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने राज्य के बच्चों के हित में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय प्रारंभ करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ सरकार चाहती है कि विश्व स्तरीय प्रतियोगिताओं में छत्तीसगढ़ के बच्चे भाग ले सके तथा सफलता प्राप्त कर सकें। प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के स्थायी उपाय किए गए हैं।

राज्य गठन के बाद पहली बार शिक्षकों की सीधी भर्ती शुरू की गई। जिसके तहत पहले चरण में 14 हजार 580 पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। इनमें से 10 हजार 834 अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान की जा चुकी है। वर्तमान में बस्तर एवं सरगुजा संभाग के लिए 12 हजार 489 व्याख्याता, शिक्षक एवं सहायक शिक्षक के पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया जारी है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा 12 अगस्त 2023 को मुख्यमंत्री निवास में 232 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इसी प्रकार शिक्षकों के विज्ञापित 5 हजार 772 पदों में से 3 हजार 449 पदों के लिए अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र जारी किया जा रहा है। इनमें से 2 हजार अभ्यर्थियों को 02 सितम्बर को आयोजित राजीव युवा मितान सम्मेलन में नियुक्ति प्रदान किया गया।

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना से स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में एक नयी क्रांति आई है। विगत वर्ष 2020-21 में 51 स्कूलों से यह योजना प्रारंभ की गई थी, जो अब बढ़कर 727 स्कूलों तक पहुंच गई है। इनमें से 351 स्कूल हिन्दी माध्यम के है और 376 स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा दी जा रही है। नवा रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बोर्डिंग स्कूल स्थापित करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है।

प्रदेश में लम्बे समय से राष्ट्र स्तर का अकादमिक एवं प्रशासनिक प्रशिक्षण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, ताकि राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा के क्षेत्र में चल रहे अनुसंधान एवं प्रशिक्षण का लाभ शिक्षक उठा सके। राज्य सरकार ने इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए आगामी शिक्षा सत्र के लिए नवा रायपुर में राष्ट्रीय शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के लिए 1 करोड़ रूपए का प्रावधान बजट में किया है।

शिक्षकों को प्रोत्साहित करने एवं उनके कार्यक्षमता को प्रमाणित करने के उद्देश्य से शिक्षकों को राज्यपाल पुरस्कार एवं मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार प्रदान किया जाता है। शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में प्रदेश की 4 महान साहित्यिक विभूतियों के नाम से चार शिक्षकों को डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी स्मृति पुरस्कार, डॉ. मुकुटधर पाण्डेय स्मृति पुरस्कार, डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र स्मृति पुरस्कार, श्री गजानंद माधव मुक्तिबोध स्मृति पुरस्कार प्रदान किया जाता है। शिक्षक दिवस समारोह में प्रदेश के महान विभूतियों की स्मृति में दिए जाने वाले पुरस्कार से सम्मानित होने वाले प्रत्येक शिक्षक को 50-50 हजार रूपए एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। इसके साथ ही समारोह में राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित शिक्षकों में से प्रत्येक शिक्षक को 21-21 हजार रूपए की राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

प्रदेश में मातृ भाषा शिक्षण के संदर्भ में कक्षा पहली एवं दूसरी में बच्चों की मातृभाषा में स्पोर्टिक मटेरियल एवं कक्षा तीसरी से पांचवी तक की भाषा (हिन्दी) के पाठ्यपुस्तक में 25 प्रतिशत स्थानीय भाषा छत्तीसगढ़ी, गोंड़ी, हल्बी, सरगुजिहा व कुडुख में विषयवस्तु का समावेश किया गया है। कक्षा पहली और दूसरी में हिन्दी की पढ़ाई को बच्चों की मातृभाषा से जोड़ने के लिए हिन्दी के शब्दों का 06 क्षेत्रीय भाषाओं में पर्यायवाची शब्द दिये गये हैं। प्रदेश के 19 जिलों में 12 भाषाओं पर बहुभाषा शिक्षण का कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने मृतक शासकीय कर्मचारियों के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए अनुकम्पा नियुक्ति के लिए 10 प्रतिशत की सीमा को शिथिल किया। स्कूल शिक्षा विभाग ने 1722 लोगों को सहायक शिक्षक, सहायक ग्रेड और भृत्य के पदों पर अनुकम्पा नियुक्ति दी गई।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में शिक्षक पात्रता परीक्षा प्रमाण पत्र की वैधता की 7 वर्ष की अवधि को विलोपित करते हुए, इसे आजीवन कर दिया है। स्कूल शिक्षा विभाग में शिक्षाकर्मियों का पंचायत शिक्षक और शिक्षिका के रूप में संविलियन किया गया। सरकार ने अपने घोषणा पत्र के अनुसार दो वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले 35 हजार से अधिक शिक्षक संवर्ग (पंचायत एवं नगरीय निकाय) का भी शिक्षा विभाग ने संविलियन कर दिया है।

राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सल गतिविधियों से ध्वस्त हुए शाला भवनों के स्थान पर 60 पोटा केबिन के माध्यम से 27 हजार 762 बच्चों के शिक्षा की व्यवस्था की गई है।

स्कूल शिक्षा विभाग नित नये नवाचार पर अपने विद्यार्थियों को नये अवसर प्रदान कर रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न अवार्ड छत्तीसगढ़ को प्राप्त हुए है। इनमें बच्चों के आकलन एवं अभ्यास कार्य को सरल बनाने एवं मूल्यांकन संबंधी विसंगतियों को दूर करने के लिए राष्ट्रीय सूचना केन्द्र (एनआईसी) के सहयोग से टेली प्रेक्टीज नामक कार्यक्रम लागू किया गया इसे कम्प्यूटर सोसायटी आफ इंडिया स्पेशल इंट्रेस्ट ग्रुप द्वारा ई-गवर्नेस पुरस्कार प्रदान किया गया। एनआईसी और शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास द्वारा विकसित निकलर मोबाईल एप की नवाचारी मूल्यांकन संसाधन के अंतर्गत एम बिल्लिंथ अवार्ड प्राप्त हुआ। इसकी सहायता से एक मोबाईल के द्वारा सभी बच्चों का मौखिक मूल्यांकन, वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के आधार पर कर सकता है। निकलर एप को कम्प्यूटर सोसायटी आफ इंडिया द्वारा भी पुरस्कृत किया गया है। इसी कड़ी में शिक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे महिला शिक्षक समूह कार्यक्रम 'अंगना मा शिक्षा' को स्कॉच अवार्ड-2022 से पुरस्कृत किया गया। इसमें 38 हजार 539 महिलाएं प्रशिक्षित होकर जुड़ी है। पढ़ाई तुंहर दुआर नवाचार में श्रेष्ठ कार्य करने के कारण आवार्ड ऑफ एक्सीलेंस प्राप्त हुआ और कोरोना काल के कठिन समय में शिक्षकों द्वारा किए गए कार्यों में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली। प्रदेश के एनआईसी द्वारा विकसित एनक्लियर एण्ड टेली प्रेक्टिस एप को डिजिटल टेक्नोलॉजी सभा अवार्ड प्राप्त हुआ है।







## सामान्य सभा की बैठक कल

**सूरजपुर।** जनपद पंचायत सूरजपुर की सामान्य प्रशासन समिति व सामान्य सभा की बैठक कल दोपहर 1 बजे से जनपद पंचायत सूरजपुर के सभाकक्ष में आयोजित किया जाना है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सर्व सदस्यों को समय पर बैठक में उपस्थित होने आग्रह किया है।

## रीपा से ग्रामीण हो रहे आत्मनिर्भर

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) अंतर्गत जिला के केशवनगर रीपा केंद्र में कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत लीना कोसम के मार्गदर्शन में श्रम विभाग के द्वारा श्रम पंजीयन का कार्य कराया गया। जिससे रीपा में कार्यरत हितग्राहियों एवं आसपास के ग्रामीण जनों में अत्यंत उत्साह देखने को मिला क्योंकि यहां सभी सुविधाएं उपलब्ध है। ग्राम में रीपा के खुलने के कारण ही आसानी से लोगों का लाभ मिल पा रहा है। इसके साथ ही ग्रामीण जनों को रीपा के एक्सपर्ट के द्वारा श्रम पंजीयन से होने वाले लाभ जैसे किसी भी गतिविधि में कार्य करते हुए दुर्घटना वश मृत्यु होने पर 500000 एवं सामान्य मृत्यु होने पर 100000 का बीमा।

# मध्य प्रदेश से शराब की तस्करी, 15 पेटी शराब के साथ चार गिरफ्तार



**बलरामपुर।** बलरामपुर जिले की बलंगी पुलिस ने मध्यप्रदेश से शराब की तस्करी का राजफाश किया है। सूमो वाहन में मध्यप्रदेश से शराब लेकर छत्तीसगढ़ में खपाने घुसे चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपित राजेश प्रजापति (26) निवासी महेवा वाड्रफनगर, दिनेश कुशवाहा ( 27) निवासी सोनहत रघुनाथनगर, ओमप्रकाश काशी (28) निवासी सरना रघुनाथनगर व रामजनक यादव (36) निवासी सरना रघुनाथनगर के पास से 15 पेटी (131लीटर) अंग्रेजी शराब जब्त की गई है। शराब के अवैध परिवहन में संलिप्त सूमो वाहन को भी जप्त किया गया है।आरोपित लंबे समय से अंग्रेजी शराब के अवैध परिवहन में संलिप्त रहे है। इनसे पूछताछ में इस अवैध कारोबार में संलिप्त अन्य लोगों के संबन्ध में भी महत्त्वपूर्ण जानकारी मिली है।

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अंतरराज्यीय सीमाओं पर ज्यादा चौकसी बरती जा रही है। सूचना तंत्र को मजबूत किया गया है। बलंगी पुलिस चौकी, मध्यप्रदेश की सीमा से लगी हुई है। यहां की पुलिस को रविवार शाम को सूचना मिली कि मध्य प्रदेश की ओर से एक सफेद रंग की टाटा सूमो वाहन क्रमांक सीजी 15 डीए 2780 अंगेजी शराब मध्य प्रदेश से भारी मात्रा में लोड कर छत्तीसगढ़ में बिक्री हेतु परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मध्यप्रदेश की सीमा पर घेराबंदी की। पता चला कि उक्त वाहन गांव के रास्ते से कमलपुर चौक की ओर गई है। सूचना के आधार पर वाइफनगर की ओर जाने वाले संभावित रास्ते पर अवैध परिवहन करते हुए वाहन को रोकने हेतु घेरा बंदी किया गया। ग्राम तोरफा प्राथमिक शाला के पास घेराबंदी कर रोककर उक्त वाहन में सवार व्यक्तियों से पूछताछ करने पर चालक सीट पर बैठा व्यक्ति अपना नाम दिनेश कुशवाहा बताया। वाहन में चालक के अलावा राजेश प्रजापति, रामजनक यादव,ओमप्रकाश काशी बैठे थे। वाहन में 15 पेटी अंग्रेजी गोवा शराब बरामद किया गया।अंग्रेजी शराब गोवा विस्की मध्य प्रदेश राज्य निर्मित था। एक पेटी में 50 बोतल शराब थी। प्रत्येक शीशी में 180-180 मिलीलीटर शराब था। पुलिस ने चारों आरोपितों को सर आपके अवैध परिवहन के आरोप पर गिरफ्तार किया है उन्हें न्यायिक डिमांड में भेजा गया है। शराब के अवैध परिवहन में संकलित आरोपितों को संभवत: इस बात का पता चल गया था कि पुलिस उनके पीछे पड़ी हुई है, इसलिए आरोपित ऐसे रास्ते से निकलने के प्रयास में थे जहां से पुलिस को भनक न लग सके। गांव वालों के माध्यम से पुलिस को सूचना मिल गई थी। पुलिस जांच में पता चला कि चालक द्वारा पकड़े जाने के भय से वाहन को उबड- खाबड़ रास्ते में तेजी से चलाने पर वाहन में रखे अवैध शराब की कुल 15 पेटी को खोल कर गिनती करने दौरान देखने पर पाया गया कि 15 पेटी में से छह पेटी का कुल 18 नग शीशी टूट गया था और शराब भी बह गई थी। कुल 131.760 लीटर शराब जब्त किया गया है।



# पांच क्विंटल छड़ चोरी के मामले में आठ आरोपित गिरफ्तार

**रामनगर।** पांच दिन पूर्व रामनगर गांव स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में निर्माणाधीन चारदीवारी के 33 नग कालम से करीब पांच क्विंटल छड़ काटकर चोरी कर लिए जाने के मामले में पुलिस ने रिपोर्टकर्ता पूर्व सरपंच के पुत्र समेत आठ आरोपितों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त औजार, छोटा हाथी वाहन व चुराया गया छड़ बरामद कर लिया है।

बता दें कि चोरी की रिपोर्ट पूर्व सरपंच जवाहर सिंह ने दर्ज कराई थी। पूर्व सरपंच ने बताया था कि गांव में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में ग्राम पंचायत रामनगर द्वारा चारदीवारी का निर्माण कराया जा रहा था। इसके लिए खड़े किए गए 33 कालम से अज्ञात चोरों ने 28 अगस्त की रात में करीब पांच क्विंटल काट कर चोरी कर ली है। चोरी का छड़ ले जाता वाहन सीसीटीवी फुटेज में दिखा था। बिश्रामपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के विरुद्ध धारा 379 के तहत चोरी का अपराध दर्ज कर उसकी जांच में जुटी थी। मुखबिर की सूचना पर संदेहियों से सघन पूछताछ में चोरी का पर्दाफाश हुआ। पूरा छड़ शिवनंदनपुर के भाथूपारा निवासी कबाड़ी अमित साहनी को बेचा गया था। जांच में पता चला कि चोरी की रिपोर्ट करने वाले पूर्व सरपंच जवाहर सिंह का पुत्र बिक्कू सिंह भी चोरी में शामिल है। पुलिस ने इस मामले में आरोपित बलिंदर सिंह पिता बहादुर सिंह गोंड़ 20 वर्ष समेत हईसला सिंह पिता कृष्णा सिंह गोंड़ 22 वर्ष, गोविंद राजवाड़े पिता रामेश्वर राजवाड़े 19 वर्ष, बनेश सिंह पिता आगरसाय गोंड़ 19 वर्ष, बिक्कू सिंह पिता जवाहर सिंह गोंड़ 23 वर्ष, राय सिंह उर्फ नान बाउ पिता मानसाय सिंह 18 वर्ष एवं जय किशन पिता स्वर्गीय रामविलास बारगाह 27 वर्ष निवासी सभी ग्राम रामनगर के अलावा चोरी का सामान खरीदने वाले कबड्डी अमित साहनी पिता कैलाश सनी 23 वर्ष निवासी ग्राम शिवनंदनपुर को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई में नगर थाना प्रभारी अलरिक लकड़ा समेत एएसआई डीएन चौधरी, प्रधान आरक्षक इंद्रजीत सिंह, अविनाश सिंह, विकास सिंह, दरस देवांगन, आरक्षक ललन सिंह, दीपक दुबे, बिहारी पांडेय, अजय प्रताप राव सक्रिय रहे।

# पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को प्रोत्साहित करने के लिए लग रही चौपाल

**कोरिया।** राज्य के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों का उन्मुखीकरण करते हुए उन्हें पक्के आवास बनाने के लिए तकनीकी मदद निरंतर प्रदान की जा रही है। इस कार्य को अभियान के तौर पर पूरा करने के लिए ग्राम पंचायतों में आवास चौपालों का आयोजन किया जा रहा है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि आवास चौपालों में जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद स्तर पर कार्यरत आवास समन्वयक एवं मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी तकनीकी सहायक के साथ स्थानीय सरपंच, सचिव की टीम नियुक्त की गई है जो ग्राम पंचायतों में मुनादी के बाद उपस्थित हो कर हितग्राहियों को आवास निर्माण करने के लिए प्रेरित कर रहे है। जिला कोरिया एवं मनेन्द्रगढ़ भरतपुर चिरमिरी में प्रधानमंत्री आवास योजना के पक्के मकान निर्माण के लिए स्थानीय हितग्राहियों के बीच अधिकारियों की चौपाल का आयोजन कर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के मैदानी अधिकारी प्रत्येक हितग्राही से सीधे बातचीत कर रहे हैं। एक ओर उन्हें योजना के तहत प्रगति के अनुसार अनुदान राशि का आवंटन समय पर उपलब्ध कराया जा रहा है और दूसरी ओर उनके ही गांव में पहुंचकर उन्हे आवष्यक तकनीकी मदद भी मुहैया कराई जा रही है। इससे ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितलाभ दिलाने में तेजी आई है। जिला पंचायत सीइओ ने बताया कि कोरिया एवं एमसीबी जिले पांच जनपद पंचायतों के अंतर्गत बीते चार दिनों में 70 से अधिक ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के लिए चौपाल का आयोजन किया जा चुका है। इन चौपालों में आवास के हितग्राहियों का उन्मुखीकरण करते हुए उन्हें जल्द आवास पूर्ण करने के लिए निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह चौपाल निरंतर उन सभी ग्राम पंचायतों में आयोजित की जा रही हैं जहां दस या दस से ज्यादा पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिया जा रहा है। जिला पंचायत सीइओ ने बताया कि आगामी एक सप्ताह में यह पूरे कोरिया एवं एमसीबी जिले में आयोजित कर लिया जाएगा।



जिला पंचायत सीइओ ने आगे बताया कि चौपाल के दौरान प्रत्येक हितग्राही से बात की जा रही है साथ ही उनकी समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण भी किया जा रहा है। सभी को उनके आवास निर्माण के लिए न्यूनतम मूल्य दर पर प्रत्येक आवश्यक सामग्री की उपलब्धता हेतु चर्चा भी की जा रही है। इन सभी चौपाल का उद्देश्य पात्र हितग्राहियों को प्रेरित कर दीपावली से पूर्व उनके पक्के आवास को पूर्ण कराकर उनका नए आवासों में गृह प्रवेश कराना है। इसके लिए प्रत्येक जनपद पंचायत में पदस्थ प्रधानमंत्री आवास योजना के विकासखंड समन्वयक एवं तकनीकी सहायकों द्वारा हितग्राहियों के आवास निर्माण कार्य स्थल पर पहुंच कर आवास निर्माण का निरीक्षण करते हुए आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है।

## हाथी ने महिला को कुचलकर मार डाला, इलाके में दहशत का माहौल

**मनेंद्रगढ़।** छत्तीसगढ़ के मनेन्द्रगढ़ जिले में हाथियों का आतंक देखने को मिला है. हाथियों ने एक महिला को मौत की नीद सुला दी. कुचल-कुचलकर मार डाला। मिली जानकारी के मुताबिक खड़गांव तहसील के ग्राम पंचायत जरौंधा में हाथियों ने महिला को मार डाला. हाथियों का दल जरौंधा के जंगलों में विचरण करते हुए कल रात रहवासी क्षेत्र में पहुंचा.इस दौरान घर में खाना खाकर बाहर निकली राजकुमारी पति वीरान सिंह को हाथियों ने पैरों तले दबा दिया, जिससे महिला की मौत हो गई. मृतिका के परिवार में 2 बच्चे हैं. महिला की मौत के बाद से गांव में दहशत का माहौल है. परिजनों की सूचना पर वन अमले ने मौके पर पहुंच आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है. वहीं परिवार का रो-रोकर बुराहाल है।

# बाघ दिखने के साथ कुदरगढ़ क्षेत्र में चिंता का वातावरण



**सूरजपुर।** कुदरगढ़ इलाके में एक बार फिर बाघ दिखने की खबर से ग्रामीणों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। इसका वीडियो इंटरनेट मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। कुदरगढ़ रेंज के बाघ घाट के समीप बाघ देखे जाने की खबर है। सूचना पर कुदरगढ़ इलाके में पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों ने जंगल भ्रमण के बाद कहा कि जंगल में बाघ के विचरण के कोई निशान नहीं मिले हैं। हालांकि क्षेत्र में तेंदुआ देखे जाने की बात सामने आई है। रविवार की शाम दरगढ़ रेंज के बाघ घाट के समीप जंगल में बाघ के विचरण करने का वीडियो तेजी से इंटरनेट मीडिया में वायरल होने के बाद वन महकमा अलर्ट हो गया। वीडियो के तेजी से वायरल होने से इलाके के ग्रामीण दहशत में नजर आ रहे हैं। कुदरगढ़ इलाके के जंगल में बाघ देखे जाने की खबर मिलते ही वन मंडलाधिकारी पंकज कमल समेत एसडीओ फारेस्ट मनोज कुमार शाह के अलावा वन परिक्षेत्र अधिकारी एमके गुप्ता वन विभाग की पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए थे। उन्होंने जंगल का निरीक्षण किया। रेंजर गुप्ता ने बताया कि जंगल में बाघ के आने के कोई चिह्न नहीं मिले हैं। उन्होंने बताया कि इलाके में तेंदुआ होने की जानकारी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। वन विभाग की टीम इलाके के जंगल में नजर बनाए हुए हैं।

# पूर्व मंत्री पांडेय ने भाजपा के आरोप पत्र को बताया राज्य सरकार के झूठ व लूट का कालाचिट्ठा

### कहा झूठ व लूट का जनता मतदान के माध्यम से राज्य की कांग्रेस सरकार को देगी जवाब

**रायपुर।** पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय ने भाजपा के चुनावी आरोप पत्र को राज्य की कांग्रेस सरकार के झूठ व लूट का कालाचिट्ठा बताया है। उन्होने जिला भाजपा कार्यालय में सोमवार को मीडिया से चर्चा करते हुए भूपेश बघेल सरकार पर आरोपों की बौछार लगाते हुए कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार ने साढ़े चार वर्षों के कार्यकाल में जनता से किए वादों को पूरा नहीं किया है, बल्कि भ्रष्टाचार के मामले में लूट मचा दी है। भाजपा का यह आरोप पत्र राज्य की कांग्रेस सरकार के झूठ व लूट का कालाचिट्ठा है। राज्य की कांग्रेस सरकार के झूठ व लूट से जनता अपने आप को छला हुआ महसूस कर रही है। जिसका जवाब जनता आगामी विधानसभा चुनाव में अपने मतदान के माध्यम से कांग्रेस को देगी। चर्चा में पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार की सीरीज चलाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि कांग्रेस की प्रदेश सरकार का भ्रष्टाचार अभी पूरा सामने नहीं आया है, जब भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ में आएगी और भ्रष्टाचारियों को उल्टा लटकाएगी, तब कांग्रेस के भ्रष्टाचार का पूरा आँकड़ा और सच सामने आएगा। श्री पाण्डेय ने प्रदेश की पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के 15 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियां और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की 9 वर्षों के सेवा-सुशासन-गरीब कल्याण के कार्यक्रमों का ब्योरा देते हुए प्रदेश की भूपेश सरकार को छोटी आबादी की सबसे बड़ी भ्रष्ट सरकार बताया है। श्री पांडेय ने कहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है। यह चुनाव छत्तीसगढ़ की सुनहरे भविष्य को आधारशिला रखने वाला चुनाव होगा। छत्तीसगढ़ में पाँच सालों से वादाखिलाफी, भ्रष्टाचार और घपलों-घोटालों की सरकार चल रही है। भाजपा ने राज्य सरकार के खिलाफ आरोप पत्र तैयार किया है। श्री पाण्डेय ने कहा कि सन 2014 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ को विकसित करने के अनेक प्रयास हुए, लेकिन 2018 में छत्तीसगढ़ में बनी कांग्रेस की सरकार ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का साथ देने के बजाय छत्तीसगढ़ में लूट-खसोट,भ्रष्टाचार और घपलों-घोटालों की सरकार बनाई। जिसके कारण छत्तीसगढ़ विकास से पिछड़ गया है। छत्तीसगढ़ की जनता ने हमेशा भाजपा को अपना आशीर्वाद दिया है। श्री पाण्डेय ने कहा है कि 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के बाद 2024 के लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीटें भाजपा जीतेगी और डबल इंजन की सरकार प्रदेश को विकास की नई ऊँचाई प्रदान करेगी। पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने राज्य की कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि कांग्रेस की भूपेश सरकार ने घपले-घोटाले कर के और छत्तीसगढ़ को एक परिवार का एटीएम बनाकर विकास के मार्ग से भटका दिया है। अब छत्तीसगढ़ की जनता को तय करना है कि हजारों करोड़ रुपए का घोटाले करने वाली भूपेश बघेल की सरकार चाहिए या विकास का रास्ता तय करने वाली भाजपा की सरकार चाहिए। आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा के नाम पर धर्मांतरण कराने वाली राज्य सरकार आदिवासियों की संस्कृति के साथ खिलवाड़ कर रही है। पिछड़ा वर्ग समाज के साथ छल किया है। युवाओं को बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, जातिवाद, परिवारवाद और दिल्ली दरबार से मुक्ति के लिए अब जनता को फैसला करना है। मीडिया से चर्चा के दौरान पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय के साथ जिला भाजपाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा,महामंत्री सुरेन्द्र कौशिक,जिला भाजपा मीडिया प्रभारी राजा महोबिया मौजूद थे।

## रायपुर की युवती का मुंबई में कत्ल, एक गिरफ्तार

**रायपुर।** मुंबई में छत्तीसगढ़ की एक ट्रेनी एयर-होस्टेस की हत्या के मामले में पुलिस ने एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। रायपुर की रहने वाली युवती रूपल ओगरे मुंबई में अपने घर में मृत पाई गई थी। छग रायपुर की रहने वाली 24 वर्षीय रूपल ओगरे अंधेरी पूर्व के मरोल में अशोक नगर स्थित एनजी कॉम्प्लेक्स में अपनी बहन व बॉयफ्रेंड के साथ रहती थी तथा वहां वह एक प्रमुख निजी एयरलाइन में एयर-होस्टेस के रूप में प्रशिक्षण ले रही थी। रविवार रात पवई पुलिस को युवती की हत्या होने की सूचना मिली थी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए राजावाड़ी अस्पताल भेजा दिया था तथा मामले ाको जांच में लिया था। मामले की जांच के लिए आठ टीमों का गठन किया है। कुछ घंटों के भीतर, टेक-इंटेल और पारंपरिक तरीकों का उपयोग करके, जांचकर्ता एक संदिग्ध को ट्रैक करने में कामयाब रहे, जिसकी पहचान अभी तक उजागर नहीं की गई है। कहा जाता है कि वह उसी बिल्डिंग में काम करता था तथा हत्या से जुड़ा हुआ था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## आईटीआई के छात्रों को मतदाता जागरूक्ता की दी जा रही जानकारी

**सूरजपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार आज मास्टर ट्रेनर विपिन पाण्डेय, रामबरन सिंह एवं रमेश कुमार जायसवाल आई.टी.आई. प्राचार्य देव सिंह, और समस्त स्टॉफ तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति में आई.टी. आई. कॉलेज प्रेमनगर में मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें तहसीलदार प्रेमनगर श्रीमती मीना सिंह की गरिमामयी उपस्थिति व मार्गदर्शन रहा। सर्वप्रथम मास्टर ट्रेनरों द्वारा लोकतंत्र निर्वाचन प्रक्रिया के विषय में विद्यार्थियों को विस्तार से समझाया गया।

# डेढ़ लाख का गांजा जब्त, दो आरोपित गिरफ्तार



**भटगांव।** पुलिस अधीक्षक आइकल्याण एलिसेला के निर्देशन में पुलिस के द्वारा सजग सूरजपुर अभियान चलाया जा रहा है जिसके माध्यम से अवैध कार्यो में लिप्त लोगों की सूचना पुलिस देने के लिए लोगों को सजग किया जा रहा है। इसका सार्थक परिणाम भी अब दिखने लगा है। इसी क्रम में भटगांव पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बंशीपुर से जरही भटगांव की ओर एक मोटर साइकिल में दो व्यक्ति गांजा लेकर बिक्री करने जा रहे है।

सूचना पर थाना भटगांव पुलिस ने जरही में घेराबंदी कर मोटर साइकिल सहित रोहित देवांगन पिता कलिन्दर उम्र 21 वर्ष व रूपन सिंह उर्फ जमालू पिता रामा सिंह उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम बंशीपुर, थाना भटगांव को पकड़ा। इनके कब्जे से सात किलो 270 ग्राम मादक पदार्थ गांजा जब्त किया गया। इसकी बाजार में कीमत करीब एक लाख 50 हजार रूपये बताई गई है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी भटगांव फर्दीनंद कुजूर, एसआई अश्विनी पाण्डेय, एएसआई लालचंद कुजूर, गुरू प्रसाद यादव, प्रधान आरक्षक सुन्दर लाल, पूरन चंद, रविनंद, शत्रुधन पोर्ते, करन सिह नेताम, आरक्षक मनोज जायसवाल, वाहिद हुसैन, विनोद प्रताप, संतोष जायसवाल, भोलाशंकर, रामचंद्र, प्रहलाद पैंकरा, विश्वरंजन व महिला आरक्षक आशा लकड़ा सक्रिय रहे।

# बैंकों की सुविधा और विश्वसनीयता दोनों खत्म करने पर आमादा है मोदी सरकार: कांग्रेस

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि मोदी सरकार के संरक्षण में जहां एक तरफबैंक फ्रॉड की घटनाएं बेतहाशा बढ़ी है, धोखाधड़ी करने वाले और भगोड़ों को भाजपाईयों का संरक्षण मिला है जिसका नुकसान आम जनता को भोगना पड़ रहा है। मोदी सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के चलते देश में बैंकिंग व्यवस्था भी पूरी तरह से चरमरा रही है। मोदी सरकार के पूंजीपति मित्र प्रेम के चलते जो लाखों करोड़ों का लोन राइट ऑफ किए जा रहे हैं उसकी भरपाई बैंक बड़ी बेरहमी से आम जनता से कर रहे हैं।



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि बैंकों से दी जाने वाली सभी तरह की नि:शुल्क सुविधाएं और विश्वसनीयता, मोदी सरकार ने दोनों ही खत्म कर दिया है। पिछले 70 साल में जो सुविधा बैंकों में नि:शुल्क हुआ करती थी अब सभी तरह की सेवाओं के लिए मोदी सरकार में अतिरिक्त पैसे चाहिए। पता भी नहीं चलता कि कब-कब, किस बात के लिए खातों से पैसे काट लिए। इतिहास में मोदी सरकार से पहले कभी भी चेक क्लीयरेंस का पैसा नहीं लगता था, लेकिन अब उसके भी पैसे वसूल रहे। अपने ही खातों में पैसा जमा करने और निकालने के भी एक्स्ट्रा फीस वसूले जा रहे हैं। मोदी सरकार से पहले चेक बुक फ्री हुआ करते थे, अब हर बार उसके पैसे वसूल रहे। एसएमएस चार्ज 2 रूपए, 3 रूपए से बढ़कर सीधा 25 से 50 रूपए प्रति खाता। स्टेटमेंट का भी पैसा चाहिए, न्यूनतम बैलेंस के नाम पर सैंकड़ों रूपए वसूल रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि एक तरफ जहां खातेदारों के द्वारा बैंकों में जमा रकम पर ब्याज घटा दी गई है। एफडी, रिकरिंग और बचत खाते सभी में ब्याज दर घटकर लगभग आधा रह गया है। आम जनता की जेब में डकैती और खुलेआम लूट का कोई अवसर मोदी सरकार नहीं छोड़ रही है। बैंक फ्रॉड करके देश छोड़कर भागने वाले भगोड़ों को मोदी सरकार से सरंक्षण सर्वविदित है। भगोड़े ललित मोदी को इंटरपोल से जारी रेड कॉर्नर नोटिस मोदी सरकार के संरक्षण में निरस्त किए गए। एंटीगुआ में नागरिकता के लिए केंद्र की मोदी सरकार ने ही एनओसी जारी किया। 18 लाख करोड़ से अधिक की राशि मोदी के चंद पूंजीपति मित्रों का राइट ऑफकिए गए जिसकी कीमत आम जनता को चुकानी पड़ रही है। दरअसल मोदी सरकार बैंकों की विश्वसनियता और आमजनता की सुविधा खत्म करके निजीकरण का षड़यंत्र रच रही है।

## मंदिर की सीढ़ियों पर पेशाब करने वाला पुलिसकर्मी सस्पेंड

**रायपुर।** शराब के नशे में मंदिर की सीढियों पर पेशाब करने वाले आरक्षक को एसपी सस्पेंड कर दिया है। साथ ही उसके खिलाफमंदिर प्रबंधन की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है। बता दें कि रविवार को एक पुलिसकर्मी द्वारा मंदिर की सीढियो पर पेशाब करने का विडियो वायरल हुआ था। वहीं किसी ने उक्त विडियो एसी प्रशांत अग्रवाल को भी भेज दिया था। पुलिसकर्मी के संबंध में जानकारी लेने पर पता चला कि उक्त पुलिसकर्मी का नाम कुलभूषण सिंह है तो थाना सरस्वती नगर में पदस्थ है। जिसके बाद एसपी ने कार्रवाई करते सोमवार को आरक्षक को सस्पेंड कर दिया है। इसके साथ ही मंदिर प्रबंधन की ओर से की गई शिकायत के बाद आजाद चौक थाने में पुलिसकर्मी के खिलाफ एफ आईआर दर्ज की गई है।

## सर्पदंश से किशोरी की मौत

**कोरबा।** जिले के कटघोरा थानांतर्गत जेंजरा में निवासरत 17 वर्षीय किशोरी की घोड़ा करैत सर्प के डंसने से मौत होने पर जिला अस्पताल चौकी पुलिस ने वार्ड ब्वाय की सूचना पर मर्ग कायम कर शव को पंचनामा कार्यवाही के उपरांत उसे पीएम के लिए चीरघर भिजवा दिया।

मिली जानकारी के अनुसार कटघोरा थाने की जटगा पुलिस चौकी क्षेत्रांतर्गत ग्राम कांसामार निवासी कुमारी रजनी पिता मनोहर सिंह के साथ वर्तमान समय में रिश्तेदारी ग्राम जेंजरा थाना कटघोरा में रह रही थी। कल रात खाट पर सोते वक्त उसे जहरीले घोड़ा करैत सर्प ने डंस लिया। जिसे प्रारंभिक उपचार के लिए कटघोरा सीएचसी ले जाया गया। वहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए कोरबा जिला अस्पताल रेफर किया गया। यहां आधा घंटा उपचार के बाद उसकी मौत हो गई। अस्पताल के वार्ड ब्वाय द्वारा सूचना दिए जाने पर अस्पताल चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतका के शव को पीएम के लिए चीरघर भिजवा दिया।

# मछली के लालच में समाप्त हुई दो ग्रामीणों की जिंदगी

### पुलिस कर रही मामले में जांच पड़ताल

**कोरबा।** सच ही कहा गया है कि लालच बुरी बला। कई मौकों पर यह सच साबित होता रहा है। कोरबा जिले में दो मछुआरों की जिंदगी लालच के चक्कर में ही समाप्त हो गई, जो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मछली आखेट करने के लिए निकले थे। मौके पर उनके शव मिले। पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतकों के शवों को पंचनामा कार्रवाई उपरांत पीएम के लिए चीरघर भिजवा दिया।

मिली जानकारी के अनुसार जिले के पाली थाने की चैतमा पुलिस चौकी क्षेत्रांर्गत ग्राम दमऊकुड़ा निवासी समार सिंह धनुहार उम्र 55 पिता गोरेलाल सिंह धनुहार कल शाम 4बजे मच्छरदानी लेकर मछली का आखेट करने के लिए गांव के पास स्थित नाले में गया हुआ था। रात्रि 9 बजे तक वह नहीं लौटा तो उसके परिजनों ने उसकी छानबीन शुरू कर दी। इसी खोजबीन के दौरान रात्रि 9 बजे के लगभग उसे चैतमा चौकी के लदानपारा सड़क किनारे पड़े हुए देखा गया। वहां से उसे तत्काल उसका साला कौशल सिंह धनुहार उम्र 40 पिता जान सिंह धनुहार



पाली सीएचसी अस्पताल ले गया। वहां उसे देखते हुए चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के दाएं पैर में किसी जंतु वगैरह के काटने का निशान भी देखा गया है। इसके बावजूद पाली सीएचसी के चिकित्सकों का कहना है कि मृतक की मौत किन कारणों से हुई है इसका खुलासा विस्तृत पीएम रिपोर्ट में किया जाएगा।

इसी तरह एक अन्य घटनाक्रम में सर्वमंगला चौकी क्षेत्रांतर्गत सर्वमंगला पुलिस चौकी के ग्राम शांति पारा निवासी लक्ष्मण उरांव उर्फ अजय सिंह उरांव उम्र 28 पिता दिलसाय उरांव विगत 3 सितंबर को मछली आखेट करने के लिए अहिरन नदी गया हुआ था। वहां से वह दिन भर नहीं लौटा। देर शाम उसकी लाश अहिरन नदी किनारे औंधे मुंह पड़ी हुई मिली। जिसकी सूचना उसके रिश्तेदार लखनलाल उरांव ने सर्वमंगला चौकी पहुंचकर दिया है। सर्वमंगला चौकी पुलिस ने मृतक के शव को पंचनामा कार्यवाही कर उसे पीएम के लिए भिलाईबाजार पीएचसी के चीरघर भिजवा दिया। इस मामले में भी पुलिस का कहना है कि मृतक की मौत किन कारणों से हुई इसका खुलासा पीएम रिपोर्ट मिलने पर किया जाएगा।

### *बार-बार मौके नहीं देती जिंदगी*

*कई चक्र से गुजरने के बाद मानव के रूप में जिंदगी प्राप्त होती है। एक तरह से यह ईश्वर का वरदान कहा गया है और इसलिए जरूरत जताई है कि लोग जीवन को बेहतर तरीके सी जीए, इस दौरान सुरक्षा भी रखें और सावधानी भी। जो चीजें अपने लिए बेहद आवश्यक है उसकी उपेक्षा करने की कल्पना भी न की जाए। ऐसा होने पर आपकी पहचान समाप्त हो सकती है क्योंकि जिंदगी दूसरा मौका नहीं देती।*

***-सुशील गुप्ता, प्राध्यापक समाजशास्त्र***

# कृष्णा विहार में शॉपिंग काम्पलेक्स का छज्जा गिरा, जनहानि नहीं



### एनटीपीसी कालोनी जमनीपाली में हुई घटना

**कोरबा।** जमनीपाली में सार्वजनिक उपक्रम एनटीपीसी के शापिंग काम्प्लेक्स का छज्जा पिछली रात्रि को भरभरा कर गिर गया। गनीमत यह रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। कहा जा रहा है कि अगर घटना दिन के उजाले में हुई होती तो अप्रिय स्थिति निर्मित हो सकती थी।

हमारे संवाददाता ने बताया कि नेशनल थर्मल पावर कार्पोरेशन के जमनीपाली स्थित एनटीपीसी के कृष्णा विहार आवासीय परिसर में लोगों की जरूरत को पूरा करने के लिए शॉपिंग काम्प्लेक्स तैयार किया गया है। इसमें अलग-अलग श्रेणी की दुकानें संचालित हैं और इसके जरिए लोग सुविधा प्राप्त करते हैं। कई प्रकार की समस्याएं यहां पर बने होने के बारे में कारोबारियों के द्वारा एनटीपीसी के नगर प्रशासन विभाग को अवगत कराया जाता रहा। सूचनाएं होने पर भी एनटीपीसी प्रबंधन के द्वारा इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया और न ही सुधार संबंधी कार्य कराए गए। इसका नतीजा यह हुआ कि बिगड़े मैसम के बीच रात्रि को कृष्णा विहार शॉपिंग काम्प्लेक्स का छज्जा धराशायी हो गया। वजनी चीज के गिरने की आवास आसपास में सुनी गई। रात्रि होने के कारण इस इलाके में सन्नाटा पसरा हुआ था इसलिए कुछ ही लोगों ने मामले को जानने की चेष्टा की। आज सुबह इस बारे में लोगों को पता चला। सुबह दुकान खोलने पहुंचे कारोबारियों ने नाराजगी जताने के साथ इस बात के लिए ईश्वर का धन्यवाद जताया कि व्यस्थ शेड्यूल में घटना नहीं हुई वरना लेने के देने पड़ जाते।

### उदासीन रवैये से नाराजगी

स्थानीय कारोबारियों का कहना है कि उन्होंने नियम शर्तों के अंतर्गत एनटीपीसी से दुकानें प्राप्त की है। इसके लिए राशि जमा की है ओर अनुबंध किया है। समयानुसार जो काम कराए जाने चाहिए। उसके प्रति लगातार उपेक्षा का प्रदर्शन किया जा रहा है। इस तरह की स्थिति काफी समय से बनी है, अधिकारी इस मामले में मौन क्यों है समझा से परे है।

## शिक्षकों का सम्मान किया भारत विकास परिषद ने

**कोरबा।** शहर के साडा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भारत विकास परिषद् द्वारा शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में गुरु की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। संगठन के पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ महतारी और मां सरस्वति के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद छात्रों ने गुरुओं के सम्मान में एक खास प्रस्तुती दी।कार्यक्रम के दौरान भारत विकास परिषद् के पदाधिकारियों ने बताया,कि राष्ट्र निर्माण में बच्चों की भागीदारी अधिक से अधिक हो यही संगठन का मकसद है। कार्यक्रम में प्राचार्य रणवीर सिंह सहित शिक्षक सम्मानित किये गए। संस्था की ओर से एम.डी. माखिजा, महेश गुप्ता, डी.के.कुदेसिया, चंदा सेठिया और अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

*कोरबा।** एसईसीएल दीपका परियोजना में कम बजट आने की बात कहकर संडे ड्यूटी में कटौती किये जाने की बात कही जा रही है। 4 फिजिकल अटेंडेंस वालों को ही संडे ड्यूटी दिया जाएगा। इस मामले को प्रबंधन ने जेसीसी सदस्यों के सामने रखा।



**संतान के दीर्घ जीवन की कामना :** भाद्र पक्ष की षष्ठी तिथि को हिंदू महिलाओं ने खमरछठ (हलषष्ठी) व्रत रखकर पूजा अर्चना की। मुख्य रूप से संतान की दीर्घ जीवन की कामना के साथ इस अनुष्ठान को रखा गया। औद्योगिक जिले में हर तरफ आज ऐसे नजारे देखने को मिले।

**कोरबा।** इंडस पब्लिक स्कूल दीपका में आज शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर दीपका सीजीएम अमित सक्सेना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

## चौहान समाज की बैठक आयोजित

**कोरबा।** जिला चौहान समाज कार्य समिति की बैठक चेकपोस्ट में आयोजित की गई। बैठक में समाज को आगे बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। घरों में जाकर समाज के लोगों को जागरूक किया जाएगा। संगठन में जोड़ने के लिए समाज के लोगों को प्रोत्साहित करने का भी काम होगा। जिलाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण वाद्यक, भरत चौहान, आरके चौहान ने कहा है कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए और अधिक प्रयास किये जाने की जरूरत है। एकजुटता के लिए सभी को मिल-जुलकर प्रयास करना होगा।

## विधानसभा क्षेत्रों में होगा भाजपा कोर ग्रुप की बैठक

**कोरबा।** कल भाजपा के विधानसभा संयोजकों व सह संयोजकों को रायपुर बुलाया गया था। यहां पर निर्णय लिया गया कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में अलग-अलग भाजपा कोर ग्रुप की बैठक होगी। इसके लिए जिम्मेदारियां दे दी गई है। इसके अलावा 21 सितंबर को संकल्प यात्रा कोरबा पहुंचेगी। अलग-अलग स्थानों पर आमसभा आयोजित किया गया है। इस आमसभा के तैयारियों के लिए भी कहा गया है। बैठक में टिकेश्वर राठिया, संतोष देवांगन, आकाश सक्सेना सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

कोसाबाड़ी नगर मंडल के शक्ति केंद्रों में बैठक आयोजित की जाएगी। पूर्व विधायक लखनलाल देवांगन समाज के लोगों से मुलाकात करेंगे। उनके साथ नगर मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, सुमन सोनी, रमा मिरी, डॉ. जय लहरे, संजीव शर्मा, कृष्ण कुमार द्विवेदी भी साथ में रहेंगे। कटघोरा नगर मंडल के चाकाबुड़ा व जवाली शक्ति केंद्र में भी कार्यकर्ताओं की बैठक होगी। यहां पर कटघोरा मंडल के महामंत्री राजेंद्र टंडन कार्यकर्ताओं से मिलेंगे।


# कुदमुरा रेंज में हाथियों ने तोड़े बिजली खंम्भे, फसलों को भी किया नुकसान

**कोरबा।** वन मंडल कोरबा के कुदमुरा रेंज में हाथियों का उत्पात फिर शुरू हो गया है। बीती रात धरमजयगढ़ वन मंडल से पहुंचे हाथियों के दल ने जिल्गा में भारी उत्पात मचाते हुए जहां डेढ़ दर्जन से अधिक ग्रामीणों की धान की खरीफ फसल को तहस-नहस कर दिया वहीं दल से अलग हुए दंतैल ने गुरमा में बिजली के 3 खंम्भों को ध्वस्त कर दिया । जिससे गांव अंधेरे में समा गया है। जिस समय दंतैल ने यहां विद्युत पोल को निशाना बनाया उस समय बिजली गुल थी। मौसम की खराबी की वजह से लाईन बंद थी। जिसकी वजह से कोई नुकसान नही हुआ। लेकिन यह कहा जा रहा है कि यदि खंभे में लाईन रहती और कंरेट रहता तो दंतैल को खतरा हो सकता था।

जानकारी के अनुसार धरमजयंगढ़ वन मंडल में इन दिनों बड़ी संख्या में हाथियों की मौजूदगी बनी हुई है। क्षेत्र में सक्रिय हाथियों के झुंड से 13 हाथी सोमवार की रात अलग हुए और कोरबा वन मंडल की सीमा पर प्रवेश कर कुदमुरा रेंज के जिल्गा क्षेत्र में पहुंच गए हाथियो का दल यहां पहुंचते ही उत्पात मचाना शुरू कर दिए। और लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक ग्रामीणों के खेतो में प्रवेश कर वहां लगे धान की फसल को रौंद दिया। उत्पात के दौरान एक दंतै झुंड से



अलग होकर गुरमा पहुंच गया। वहीं 12 हाथी कलमी टिकरा सर्किल के जोबा जंगल में पहुंच विश्राम करने लगे । गुरमा पहुंचे दंतैल ने यहां जमकर गुस्सा उतारा इस दौरान एक के बाद एक बिजली के 3 खंभो को निशाना बनाते हुए ध्वस्त कर दिया। गनीमत यह रही की जिस समय दंतैल ने विद्युत खंभो पर गुस्सा उतारा उस समय उसमें करेट नही था। मौसम खराब होने की वजह से बिजली विभाग द्वारा लाईन बंद कर दी गई थी। यदि खंभो में करेट होता तो हाथी की जा को खतरा हो सकता था। बताया जाता है कि यह दंतैल काफी खतरनाक व उत्पाती किस्म का है। धरमजयंगढ़ क्षेत्र में भी काफी उत्पात मचा चुका है। दंतैल के उत्पात से क्षेत्रवासी परेशान थे कुदमुरा रेंज में हाथियो द्वारा उत्पात मचाए जाने और भारी नुकसान की खबर पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर नुकसानी का आकलन शुरू कर दिया है। रेंजर पैकरा में बताया कि हाथियों को लेकर वन विभाग सर्तक है। हाथियों की मौजदूगी वाले क्षेत्र में मुनादी करा कर ग्रामीणों को सर्तक किया जा रहा है। उधर कटघोरा वन मंडल के पसान रेंज में खतरनाक दंतैल अभी भी रानी अटारी क्षेत्र में विचरण रत है। खतरनाक हाथी के विचरण करने से खतरा बढ़ गया है। पसान रेंज के जल्के सर्किल के खड़िया पारा में भी हाथियो का एक दल पहुंचकर आधा दर्जन किसानों की फसल को रौंदने के बाद केंदई रेंज अंतर्गत कोरबी सर्किल पहुंच गया। इस दल में 39 हाथियों की संख्या बतायी जा रही है।




# शिक्षित समाज सबसे बड़ी आवश्यकता : शिवराज

### राज्यपाल शिक्षक अलंकरण से बढ़ाया गौरव

**कोरबा।** माध्यमिक विद्यालय गोड़मा के प्रधान पाठक पं. शिवराज शर्मा ने कहा है कि सशक्त लोकतंत्र और शिक्षित समाज के लिए सबसे बड़ी आवश्यकता लोगों के शिक्षित होने की है। जहां कहीं इसका पैमाना ऊंचा होगा वहां परिस्थितियां बेहतर होंगी। जबकि अन्य मामलों में आंकलन सहज तरीके से किया जा सकता है। युगों से शिक्षा को लेकर जोर दिया जाता रहा है जो वर्तमान में अलग-अलग स्वरूप में हमारे सामने विद्यमान हैं।

पिछले वर्षों में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के हाथों शिक्षक अलंकरण से सम्मानित हुए शिवराज शर्मा को अध्यापन के मामले में नवाचार और विद्यार्थियों को शिक्षा के नए आयामों से परिचित कराने के लिए जाना जाता है। उन्होंने शिक्षक दिवस पर हुई बातचीत में कहा कि भले ही आज शिक्षा प्राप्ति के सोपान बदले हैं, उनमें आधुनिकता का पुट शामिल हुआ है, कई तरह के प्रयोगों के साथ विद्यार्थियों को शिक्षित किया जा रहा है लेकिन इन सबके मूल में एक बात शामिल है कि व्यक्ति के व्यवहारिक होने के साथ वह इस दिशा में अपने कदम बढ़ाएं। लोक संस्कृति और परंपरा के संवर्धन के लिए पिछले वर्षों से लगातार प्रयासरत शिक्षक शिवराज का कहना है कि शिक्षक की भूमिका विद्यार्थियों को आधारभूत चीजों की जानकारी देने और उन्हें एक कक्षा से दूसरी कक्षा में भेजने तक ही सीमित नहीं होती। अपितु उनके कंधों पर जिम्मेदारी होती है कि वे विद्यार्थियों को देश के लिए निष्ठावान, चरित्रवान और प्रज्ञावान मनुष्य के रूप में तैयार करे। इसलिए पूर्ववर्ती समय में भगवान राम, भगवान कृष्ण ने गुरुकुल की परंपरा का अनुशरण किया और खुद को विद्यार्थी के रूप में प्रस्तुत करते हुए शिक्षा प्राप्त की। पौराणिक ग्रंथों में ऐसे प्रसंग और संदर्भ आए हैं। ये सर्वकालिक स्थापित सत्य है और इनके माध्यम से समाज में यह मान्यता स्थापित हो रही है कि गुरुजनों के गुणों की पूजा हर पीढ़ी करेगी ही। शिवराज ने शिक्षक दिवस के निमित्त यह भी कहा कि कई क्षेत्रों से नकारात्मक तस्वीर भी आती है जिससे शिक्षकों का अवमूल्यन भी हो रहा है। ऐसे में इस बात की भी आवश्यकता है कि जो भी व्यक्ति इस पेशे से जुड़े हुए हैं वे अपने चरित्र और संस्कारजनित मूल्यों की रक्षा करने के बारे में चिंता करें।



## सैकड़ों साधक जाएंगे बेमेतरा

**कोरबा।** सिद्धाश्रम साधक परिवार के द्वारा 6 सितंबर को बेमेतरा में साधना शिविर का आयोजन किया गया है। इस साधना शिविर में गुरुदेव कैलाशचंद्र श्रीमाली साधकों को गुरु दीक्षा प्रदान करेंगे। कोरबा जिले से भी सैकड़ों साधक भाग लेने के लिए बेमेतरा जाएंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए घनश्याम बरेठ ने बताया कि सक्ती में भी साधना शिविर आयोजित करने की तैयारी की जा रही है। जिसके लिए लता अग्रवाल, दानी बरेठ सहित अन्य कार्यकर्ताओं के द्वारा लगातार बैठक ली जा रही है। कोरबा में भी साधना शिविर की तैयारियों चल रही है।

## कामकाज रखा बंद

**कोरबा।** प्रोजेक्शन एक्ट और दुर्घटना दावा राशि 10 लाख रुपए करने की मांग को लेकर कोरबा जिले में अधिवक्ताओं ने अदालतों में कामकाज बंद रखा। उन्होंने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। याद दिलाया गया कि पांच साल पहले जो घोषणाएं की उनका अता-पता नहीं है।

स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com